श्री म०प० स्वामी : क्या कलफ उद्योग एक संक्षिप्त उद्योग है तथा यदि हां, तो क्या टैपीओका को भी संरक्षण है तथा यदि हां, तो मक्का का आयात करने की अनुमति सरकार ने क्यों दी है ?

श्री सें० वें० रामस्वामी: मेरे विचार से उद्योग को कोई संरक्षण नहीं है ।

श्रीमती रामदुलारी सिन्हा : भारत में उतरने के मक्का के मूल्य प्रति क्विंटल क्या है तथा उपभोक्ताओं तक पहुंचने पर इसके क्या मूल्य हो जायेंगे ?

श्री सें० वें० रामस्वामी : मैं नहीं बता सकता । गैर-सरकारी लोगों ने करार किया है ।

श्री मुत्तु गौंडर : क्योंकि टेपीओका का कलफ बड़ी मात्रा में उपलब्ध है इसलिए क्या सरकार का विचार पी० एल० 480 के अन्तर्गत मक्का का आयात रोक देने का है अथवा इसको कम से कम पचास प्रतिशत कर देने का है ?

श्री सें० वें० रामस्वामी : माननीय सदस्य इस बारे में मेरे से पत्र–व्यवहार करते रहे हैं । मेरे से वह कई बार मिल चुके हैं । वह सेलम जिले से यहां आये हैं । मैं उन्हें बताने का प्रयत्न कर रहा हूं कि जितना भी टैपीओका का कलफ मिलेगा उतना कपड़ा उद्योग को दे दिया जायेगा :

Shri Bade : May I know the number of Mills closed due to non-availability of starch and the action taken by the Government.

श्री सें० वें० रामस्वामी : मक्का से कलफ निकालने की पांच मिलें हैं । जनवरी से सभी बन्द हैं । परन्तु अमरीका से मक्का मिल जाने पर वह मिलें फिर चलने लगेंगी :

Shri Sarjoo Pandey : Hon. Minister has just now said that maize is being imported by private companies. May I know what check Government propose to have on the prices of the maize.

श्री सें० वें० रामस्वामी : वे मक्का बेचेंगे नहीं क्योंकि मक्का की कमी के कारण ही उनका कपड़ा उद्योग बन्द पड़ा है । इसके अतिरिक्त यह कलफ उद्योगों में ही इस्तेमाल हो सकता है ।

स्कूटरेटों का दिया जाना

\+
*610. श्री वारियर :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री दाजी :
श्री वासुदेवन नायर :
श्री अब्दुल गनी गोनी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बेरवा

श्री बृजराज सिंह :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री ओंकार सिंह :

क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1962 में उनके मंत्रालय ने प्राथमिकता के आधार पर केन्द्रीय सरकारी कोटे में से स्कूटरेटों के आवंटन के परमिट दिये थे;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकारी कोटे में से 1962 में कितने सरकारी कर्मचारियों को स्कूटरेट दिये गये;

(ग) क्या यह भी सच है कि जितने लोगों को स्कूटरेट परमिट दिये गये थे उन सब को स्कूटरेट परमिट नहीं मिले क्योंकि बाद में स्कूटरेट का उत्पादन बन्द हो गया था; और

(घ) यदि हां, तो सरकार का विचार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही करने का है ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग तथा उद्योग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह): (क) जी, हां ।

(ख) 174 ।

(ग) 99 आवंटकों को स्कूटरेट नहीं दिये गये हैं ।

(घ) इस मामले में कोई कार्रवाई इसलिए नहीं की जा सकी कि स्कूटरेटों का उत्पादन अब बन्द कर दिया गया है ।

श्री वारियर : पहले प्रश्न के उत्तर में माननीय मन्त्री ने बताया था कि वह स्कूटरों के निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं तथा वह इसके बारे में नये लाइसेंस जारी कर रहे हैं । क्या मैं जान सकता हूं कि जो निर्माण हो रहा था उसको क्यों रोक दिया गया है ?

श्री त्रि० ना० सिंह: यह एक ऐसा माडल था जिसको निर्माता ने बनाना बन्द कर दिया था । इसीलिए निर्माण कार्यक्रम आगे बढ़ाने के लिए उनको पुर्जे नहीं दिए गए थे ।

श्री वारियर : क्या सरकार ने इन निर्माताओं से स्कूटरेटर बनाना बन्द करने के कारण पूछे हैं और इसका निर्माण पुन: आरम्भ करने के लिए कोई कदम उठाने के लिए कहा है ?

श्री त्रि० ना० सिंह: मैं बता चुका हूं कि इन स्कूटरेटों का निर्माण एक विदेशी सार्थ के साथ मिल कर किया जा रहा था । उस विदेशी सार्थ ने इस माडल को बनाना बन्द कर दिया इसलिए इसके पुर्जे मिलने बन्द हो गये ।

श्री दाजी : क्या यह सच नहीं है कि स्कूटरेटों का निर्माण इसलिए बन्द कर दिया गया क्योंकि सरकार ने इसके पुर्जों के आयात के लिए विदेशी मुद्रा देने से इंकार कर दिया था ?

श्री त्रि० ना० सिंह : ऐसी कोई बात नहीं है ।

Shri Madhu Limaye : If this company is not ready to produce these whether some other company is ready for the production of that ?

Mr. Speaker: The company which was producing should do it.

Shri Onkar Lal Berwa: May I know whether an opportunity would be given to those companies who have applied to produce scooters ?

Shri T. N. Singh : The company which was manufacturing, stopped production. We cannot force them to produce.

श्री रंगा : क्योंकि स्कूटर कारखानों में बहुत पूंजी लगी हुई है इसलिए सरकार ने इन लोगों की सहायता करने के लिए क्या किया है जिससे उस पूंजी का लाभ उठाया जा सके तथा किसी दूसरी विदेशी फर्म का सहयोग लिया जा सके ?

श्री त्रि० ना० सिंह : उनके उत्पादन कार्यक्रम में स्कूटरेट को बनाना भी शामिल था । अभी वह दूसरी प्रकार के स्कूटर आदि बना रहे हैं ।

मद्रास में इस्पात पुनर्वेलन एकक

\+

*612. **श्री युद्धवीर सिंह :**
श्री उटिया :
श्री लहरी सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री यशपाल सिंह :
श्री कृष्णपाल सिंह :
श्री माते :
श्री प० ह० भील :
श्री बड़े :

क्या **इस्पात और खान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मद्रास राज्य में छोटे पैमाने के इस्पात पुनर्वेलन औद्योगिक एककों को एम० एस० बिलटों जैसे बुनियादी कच्चे माल के आवंटन के कोटे नहीं दिये जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कच्चे माल की कमी के कारण उक्त छोटे पैमाने के एकक बन्द पड़े हैं; और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारत की इस्पात पुनर्वेलन संस्था छोटे एककों को अपना सदस्य नहीं बना रही है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री के सभा-सचिव (श्री तिम्मय्या): (क) छोटे पैमाने की पुनर्वेलन इकाइयां मद्रास में और देश के दूसरे भागों में लोहा और इस्पात (नियंत्रण) आदेश में 1960 में

घोषित की गई छूट के परिणामस्वरूप स्थापित हुई थी। यह खास शर्त थी कि ये इकाइयां स्थानीय उपलब्ध पुनर्वेलन सक्रेप का उपयोग करेंगी और इन्हें नियंत्रित स्त्रोतों से कच्चे माल–बिलेट/सक्रेप का बंटन नहीं किया जाएगा। अतः इन इकाइयों को बिलेट का बंटन करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) और (घ). भारत की इस्पात पुनर्वेलन संस्था एक प्राइवेट संस्था है और सरकार का सदस्य बनाने पर कोई नियंत्रण नहीं है।

Shri Yudhvir Singh : Just now Government replied that in Madras and at other places if those persons who want to set up small units will be supplied iron scrap locally. Sometimes back Government ordered that big mills cannot sell their products in open market. But now when you have permitted big mills to sell their products in open market why you are not allowing small units to sell their products in open market?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): ऐसी कोई बात नहीं है। जब यह उद्योग आरम्भ किया गया था तो छोटे उद्योगों ने गारंटी दी थी कि उनको 'बिलेटों' आदि की जरूरत नहीं है। इसलिए अब कठिनाई है। पंजीबद्ध 'टी-रोल्स' को हम बिलेट नहीं दे पा रहे हैं।

Shri Yudhvir Singh: You have told that big mills have formed a association and their policy is not to give quota to a party who is not member of their association. Whether this policy is not against this that you want to help small mills ?

श्री संजीव रेड्डी : ऐसी कोई बात नहीं है। अब वह इसी शर्त पर आरम्भ की गई थी कि वह अपना काम 'स्क्रैप' से चलायेंगी। जब हालत ठीक हो जायेगी तब हम उनको अन्य प्रकार का कच्चा माल देंगे।

Shri Onkar Lal Berwa : May I know whether steel Minister of Madras gave notice on 18-10-62 that mills are closed due to non-availability of raw material and if so, what action you have taken in this regard.

श्री संजीव रेड्डी : हमने अधिकांश को 25 प्रतिशत दिया है तथा इसीलिए केवल मद्रास से ही नहीं अपितु सभी राज्यों से शिकायतें आई हैं।

Shri Yashpal Singh : May I know whether Government have any information in regard to losses due to the closer of small mills.

श्री संजीव रेड्डी : जब हमने कच्चा माल केवल 25 प्रतिशत ही दिया है तो निश्चित है कि शत प्रतिशत क्षमता पूरी नहीं हो सकी और नुकसान हुआ होगा। जब कच्चा माल उपलब्ध हो जायेगा तम हम अधिक मात्रा में देने लगेंगे।

Shri Bade: You have circulated anorder in Madras in 1964 that you will supply one third re-rolling scrap to these mills. You have reversed this order now and mills are closed and there is dissatisfaction amongst the labourers. May I know, why this order was reversed.

श्री संजीव रेड्डी : क्या माननीय सदस्य छोटे पैमाने के री रोलर्स उद्योग के बारे में पूछ रहे हैं।

श्री बड़े : जी हां।

श्री संजीव रेड्डी: उनको कच्चा माल देने का प्रश्न ही नहीं उठता है क्योंकि उनको तो 'स्क्रैप' का ही इस्तेमाल करना है। मैं इस बात को तीन बार बता चुका हूं।

श्री बड़े : उन्होंने आश्वासन दिया था कि री-रोलर्स को एक तिहाई कोटा दिया जायेगा।

अध्यक्ष महोदय : उनका कहना है कि सरकार ने कोई आश्वासन नहीं दिया था। उन्होंने स्वयं ही कहा था कि वह 'स्क्रेप' का इस्तेमाल करेंगे।

श्री संजीव रेड्डी : स्क्रैप पर से नियन्त्रण हटा दिया गया है। वह उपलब्ध है।

श्री श्यामलाल सर्राफ : क्या यह सच नहीं है अभी भी री-रोलिंग मिलों द्वारा बनाई गई वस्तुयें देश में उपलब्ध नहीं हैं? क्या इन मिलों को चालू करने के लिए जांच करने के पश्चात् लाइसेंस दिए गए थे तथा यदि हां, तो आशा यह थी कि उनको कच्चा माल मिल जायेगा तो क्या मैं जान सकता हूं कि इनको कच्चा माल क्यों नहीं दिया जा रहा है?

श्री संजीव रेड्डी : 1960–61 में 'बिलेट' बहुत मात्रा में उपलब्ध थे। बाद में जब इस्पात कारखानों ने रोलिंग का काम शुरू कर दिया तो उपलब्धि आसान नहीं रही। अब हम किसी री-रोलिंग मिल को लाइसेंस नहीं दे रहे हैं।

श्रीमती सावित्री निगम : कच्चे माल की बहुत कमी है। इसीलिए कई छोटी मिलें बन्द हो गई हैं इसके विपरीत स्क्रैप मार्केट में मुनाफाखोरी आदि भी बहुत है। माननीय मन्त्री का इस सम्बन्ध में क्या सुझाव है कि छोटे कारखानों के मालिकों को स्क्रैप पर्याप्त मात्रा में मिल जाये।

श्री संजीव रेड्डी : मेरे माननीय मित्र को कुछ गलतफहमी है। री-रोलर्स को कोई नये लाइसेंस नहीं दिए गए हैं। री-रोलर्स की संस्था है। बिलेट रजिस्टर्ड री-रोलर्स में वितरित कर दिए जाते हैं। भेदभाव का कोई प्रश्न नहीं है। अनरजिस्टर्ड री-रोलर्स के लिए स्क्रैप का कण्ट्रोल नहीं है। वह उसको खरीद सकते हैं और वह ऐसा काफी समय से कर रहे हैं।

श्रीमती सावित्री निगम : क्या बाजार में खरीदारी में एकाधिपत्य है?

श्री संजीव रेड्डी: जब कण्ट्रोल नहीं है तो एकाधिपत्य नहीं है।

Shri Hukam Chand Kachhaviaya : Would the Government assure these factories that they would be getting raw material regularly ?

श्री संजीव रेड्डी : उपलब्ध कच्चा माल वितरित कर दिया जायेगा; मैं इससे अधिक और कोई गारण्टी नहीं दे सकता।

पक्के कोक का मूल्य

\+

*613. **श्री सुबोध हंसदा :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री बाल्मीकी :

क्या **इस्पात और खान** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस्पात कारखानों में उत्पादित पक्के कोक के मूल्य में वृद्धि करने के उनके तर्क को अस्वीकार करके पक्के कोक से मूल्य नियन्त्रण हटाने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो नियन्त्रण किस तारीख से हटाया जा रहा ह; और

(ग) किन कारणों से नियन्त्रण जारी रखना निरर्थक हो गया था ?

इस्पात और खान मंत्री के सभा सचिव (श्री तिम्मय्या) : (क) से (ग) . ऐसा कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है । तथापि, हार्ड कोक के मूल्य का गठन इस समय सरकार के विचाराधीन है ।

श्री सुबोध हंसदा : क्या यह सच है कि पक्के कोक की लागत इसके नियन्त्रित मूल्य से बहुत अधिक है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी) : मूल्यों पर नियन्त्रण है । भिलाई, रूरकेला, दुर्गापुर और अन्य स्थानों में उन्होंने मूल्य नियत किये हैं ।

श्री सुबोध हंसदा : क्या यह सच नहीं है कि दुर्गापुर इस्पात परियोजना के प्रबन्धकों ने सरकार से पक्के कोक के मूल्यों में वृद्धि करने के लिये कहा है क्योंकि इसकी उत्पादन पर अधिक लागत आती है ?

श्री संजीव रेड्डी : इसीलिये तो वे हमें मूल्यों में वृद्धि करने के लिये बार बार कहते हैं ।

श्री सं० चं० सामन्त : पक्के कोक के मूल्यों में अग्रेतर वृद्धि करने के लिये इन इस्पात कारखानों ने क्या तर्क दिया है ?

श्री संजीव रेड्डी : उत्पादन की लागत, कच्चे माल तथा विभिन्न अन्य वस्तुओं की लागत ।

श्री रंगा : जब ये राज्य उपक्रम हैं तो वे कैसे कहते हैं कि उनकी उत्पादन की लागत नियत मूल्यों से अधिक है ? क्या हम यह समझें कि सरकार और इसके अपने इस्पात निगम में बिल्कुल समन्वय ही नहीं है और व इन चीजों को समरूप रीति से नियत नहीं कर सकते हैं ?

श्री संजीव रेड्डी : इन इस्पात कारखानों के अतिरिक्त पक्के कोक का उत्पादन गैर-सरकारी क्षेत्र में भी होता है । यह वहां फालतू नहीं है । इस्पात कारखाने मूल्य में वृद्धि के लिये प्रायः कहते रहते हैं । हम उत्पादन की लागत की जांच करने के पश्चात् या तो मूल्य बढ़ा देते हैं अथवा घटा देते हैं ।

Heavy Electricals Ltd., Bhopal

\+

*615. **Shri Madhu Limaye :**
Shri Bagri :
Shri Indrajit Gupta :
Shri Buta Singh :

Will the Minister of **Industry and Supply** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that 108 workers of the Heavy Electricals Ltd., Bhopal were removed from service during the last year ;

(b) if so, whether it is a fact that about 40 of these workers were arrested under D.I.R. and they were removed from service after their release, on the ground that they remained absent from duty for more than a month ;

(c) whether he had assured a delegation of workers which met him in this connection that a decision would soon be taken on their demands ; and

(d) if so, the action Government propose to take in the matter ?

The Minister of Heavy Engineering and Industry in the Ministry of Industry and Supply (Shri T. N. Singh) : (a) 84 workers of Bhopal Heavy Electricals factory were removed from service during last year.

(b) 37 employees were detained by the Madhya Pradesh State authorities under D.I.R. Services of 36 employees stand terminated on account of their unauthorised absence in terms of Standing Orders/Service Rules applicable to them.

(c) No Sir,

(d) Question does not arise.

Shri Madhu Limaye : My question is that when arrests are made under the Defence of India Act and no prosecutions are launched against them and they are not allowed to come out and when they are removed from service on their being absent from duty it is a great injustice to them. Even if these are Standing Orders in this regard, should we not have an human attitude towards them, what the Government are doing in this regard ?

Mr. Speaker : The hon. Member should put up a question.

Shri Madhu Limaye : The question is that whether the government are taking any step to reinstate them or to refer their case to a tribunal ?

Shri T. N. Singh : With reference to this case in which the workers remained absent from duty without sending leave applications, I would like to refer to the judgment of the Supreme Court which was delivered in another case of the Indian Iron and Steel, which reads thus.

> "यह सच है कि गिरफ्तार किये गये व्यक्ति काम पर आने की स्थिति में नहीं थे, क्योंकि वे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये थे। यह उनके दुर्भाग्य की बात हो सकती है ; परन्तु यह निर्णय देना न्यायसंगत नहीं होगा कि जब छुट्टी के लिये आवेदन पत्र दिया जाये तो कम्पनी को हमेशा छुट्टी दे देनी चाहिये। यदि शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने वाले अधिकारी एक भारी संख्या में श्रमिकों को एक श्रमिक झगड़े के सम्बन्ध में उनकी आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण गिरफ्तार कर लेते हैं, जैसा कि इस मामले के बारे में हुआ, तो यदि कम्पनी को उन सब को प्रायः एक अनिश्चित अवधि के लिये छुट्टी देने के लिये बाध्य किया जायेगा तो उस कम्पनी का कार्य बन्द हो जायेगा।"

In this present case even the workers had not sent their applications for leave.

Shri Madhua Limaye : Mr. Speaker, I want your protection, Sir. It is not an ordinary company but is on the other hand a state-owned company. On the one hand we talk of socialism and the other hand injustice is being done to the poor workers. If the hon. Minister would give reply in this manner what would we do ?

Mr. Speaker : The hon. Member can ask for a discussion on this matter through a separate notice.

Shri Madhu Limaye : I want to have a reply from him through you. Is he ready to refer their case to the tribunal ?

Shri T. N. Singh : It can be referred to the tribunal if they apply for it.

श्री बूटा सिंह: सरकार भारत सरकार के उपक्रमों में श्रमिकों के राजनीतिक उत्पीड़न करने के लिये उत्तरदायी लोगों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करना चाहती है ?

श्री त्रि० ना० सिंह: मैं नम्र निवेदन करता हूं कि इस मामले में राजनीतिक उत्पीड़न की कोई बात नहीं है । माननीय सदस्य का अनुमान बिल्कुल गलत है ।

श्री नाथ पाई : क्या माननीय मंत्री यह महसूस करते हैं कि श्रमिक सम्बन्धों में मुख्य संचालक तथा देश में सब से बड़े नियोजक के नाते सरकार पर एक बड़ी भारी जिम्मेदारी है कि ऐसे अवसरों पर उन्हें गैर-सरकारी उद्योग में नियोजकों की तरह प्रतिकारशील नहीं होना चाहिये, यह मान भी लिया जाय कि श्रमिकों .....

एक माननीय सदस्य : आपत्ति ।

श्री नाथ पाई : कौन आपत्ति करता है । You know nothing आप इस मामले के बारे में क्या जानते हैं ?

Mr. Speaker : If I also say like that.

श्री नाथ पाई : जो कुछ मैंने कहा है उसको दृष्टि में रखते हुए क्या सरकार सरकारी क्षेत्र में औद्योगिक सम्बन्धों के लिये एक अच्छा ढंग निकालेगी ?

अध्यक्ष महोदय: सरकार को इसका भी ध्यान रखना चाहिये ..... (अन्तर्बाधाएं)

श्री कपूर सिंह : उसे इसको स्पष्ट करना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय: उसने प्रश्न समझ लिया है ।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : It is a very important question and since it relates to my state, I may be allowed to put supplementaries.

अध्यक्ष महोदय: जी, नहीं ।

श्री कपूर सिंह: स्थिति को स्पष्ट करने के लिये आप अधिक अनुपूरक प्रश्न पूछने की इजाजत क्यों नहीं देते ?

अध्यक्ष महोदय: क्या वह इस पहलू को ध्यान में रखना चाहते हैं कि सरकार सब से बड़ी नियोजक है ?

श्री त्रि० ना० सिंह: इस विशेष प्रश्न में, जैसा कि सभा को मालूम है, 1964 के प्रारम्भ में कारखाने में गड़बड़ी और अन्य कई बातें की गईं जिससे लोक सम्पत्ति को खतरे में डाला गया.....

श्री दाजी: जी, नही । मैं इस पर आपत्ति करता हूं । इसकी जांच होनी चाहिये । प्रबन्धकों ने गोलमाल किया ।

श्री त्रि० ना० सिंह: इस दंशा प्रक्रम में भावुकतापूर्ण विचारों में बहने की बजाये हमें न्याय-संगत और उचित कार्यवाही करनी चाहिये ।

श्री नाथ पाई : भावुकतापूर्ण विचार ।

अध्यक्ष महोदय: अगला प्रश्न ।

कागज तथा लुगदी उद्योग

+

*616. श्री द्वा० ना० तिवारी :
श्री प्र० चं० बरुआ :
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री रा० बरुआ :
श्री ल० ना० भंजदेव :
श्री विद्याचरण शुक्ल :
श्री रवीन्द्र वर्मा :
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :
डा० चन्द्रभान सिंह :
श्री उइके :
श्री चाण्डक :

क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 14 जनवरी, 1965 को नई दिल्ली में कागज, लुगदी तथा सम्बद्ध उद्योगों सम्बन्धी विकास परिषद् की बैठक हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो परिषद् ने चौथी पंचवर्षीय योजना में कागज तथा सम्बद्ध उद्योगों के विकास के लिये क्या निर्णय किये ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग तथा उद्योग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह): (क) तथा (ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

(क) जी हां ।

(ख) विकास परिषद् ने चौथी पंचवर्षीय योजना में कागज उद्योग के निरन्तर विकास को स्थिर रखने के लिए, उत्पादन खर्च को कम करने के लिए तथा कागज उद्योग को विदेशी मुद्रा के नियतन के लिए इस उद्योग की तकनीकी और वित्तीय दोनों प्रकार की कठिनाइयों पर विचार विमर्श किया था और इन कठिनाइयों को दूर करने के वास्ते आवश्यक सुझाव देने के लिए दो समितियां नियुक्त करने का निश्चय किया है ।

उसने कागज उद्योग के लिए कच्चा माल उपलब्ध करने के प्रश्न पर भी विचार करने के बाद निम्नलिखित सुझाव दिए हैं :

1. सभी राज्य सरकारों को कहा जाए कि वह कागज उद्योग को जंगलों का लम्बी अवधि के लिए पट्टा देने के लिए समान नीति अपनाएं ;

2. मिश्रित सख्त लकड़ी की लुगदी बनाने को प्रोत्साहन दिया जाए ;

3. राज्य सरकार और कागज उद्योग शीघ्र उगने वाले पेड़ लगाने शुरू करें ;

4. खोई को जो कि चीनी उद्योग का उपोत्पाद है कागज बनाने के लिए काम में लाया जाए इसके लिए चीनी उद्योग के वास्ते खोई के स्थान पर अन्य ईंधन देने तथा बायलरों की दक्षता को बढ़ाने की समस्याओं को हल करना पड़ेगा । परिषद् ने इन समस्याओं के समाधान खोजने के लिए दो अन्य समितियों की नियुक्ति भी भी की है ।

Shri D.N. Tiwary : Have the three new committees constituted by the Development Council started functioning now, if not, when they would start functoining ?

Shri T. N. Singh : All the three committees have been constituted and are doing their work.

Shri D. N. Tiwary : Has the committee constituted in connection with bagasse submitted any interim report or not and if not, when it would submitt it ?

Shri T.N. Singh : The committee has been constituted through N.I.D.C. and its report is almost ready.

श्री विश्वनाथ राय : जंगली घास और खोई जैसे कच्चे माल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता की दृष्टि से क्या इस सम्मेलन में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश तथा बिहार में कारखाने स्थापित करने के बारे में कोई प्रस्ताव अथवा सुझाव रखा गया था ?

श्री त्रि० ना० सिंह : ये सभी मामले विचाराधीन हैं ।

श्री विद्याचरण शुक्ल : क्योंकि प्रश्नों की सूची समाप्त हो गई है, क्या मैं सुझाव दे सकता हूं कि अब तारांकित प्रश्न संख्या 608 लिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : यदि समय है तो इसका उत्तर दिया जा सकता है ।

पन्ना में हीरों का खनन

\+

*608. **श्री विद्या चरण शुक्ल :**
डा० चन्द्रभान सिंह :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री उइके :

क्या **इस्पात और खान** मंत्री 27 नवम्बर, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 230 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंग कि सब से बढ़िया किस्म के हीरों को निकालने के उद्देश्य से, जिन्हें विदेशी बाजारों में बेच कर विदेशी मुद्रा कमाई जा सके, मध्य प्रदेश के पन्ना क्षेत्र में खनन-कार्य के लिये सरकार ने क्या विशेष प्रयत्न किये हैं ?

इस्पात और खान मंत्री के सभा सचिव (श्री तिम्मय्या): सरकार ने राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि० द्वारा मध्य प्रदेश के पन्ना क्षेत्र में मझगवान खुली खान के विकास की योजना स्वीकार

कर दी है। शुरू में हीरों का वार्षिक अनुमानित उत्पादन 15,000 केरेट है जो अन्त में बढ़ा कर 22,500 केरेट हो जाएगा। साथ ही निगम द्वारा भूगर्भ से नमूने लेकर जांच करने का काम किया जा रहा है और यदि परिणाम उत्साहजनक निकले, तो भूगर्भ खनन भी शुरू कर दिया जायगा। सरकार ने पन्ना के रामखेड़िया क्षत्र में विदोहन की एक अन्य योजना भी स्वीकार कर ली है और आशा है यह काम जून, 1965 तक पूरा हो जायगा। यदि परिणाम अनुकूल निकले तो इस क्षेत्र में भी खुली खान के विकास के प्रश्न पर विचार किया जायगा।

हीरों के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत सम्भवतः औद्योगिक किस्म का होगा जिसकी खपत देशी उद्योगों में होगी, जब कि शेष 60 प्रतिशत उत्पादन (जैम) हीरे की किस्म का होगा। खान से वास्तव में उत्पादन आरम्भ होने पर अच्छी किस्म के जैम हीरों को विदेशों में भेजने की सम्भावना पर विचार किया जायगा।

श्री विद्याचरण शुक्ल : यदि उत्तर इतना लम्बा था तो इसे सभा पटल पर रख दिय जाना चाहिये था।

अध्यक्ष महोदय: प्रश्न काल समाप्त हो गया है। अनुपस्थित सदस्यों का धन्यवाद, हमने सूची पूरी कर ली है।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Collaboration with foreign countries

595. Shri Prakash Vir Shastri : Will the Minister of **Commerce** be pleased to state :

(a) whether Mauritius and some other countries have approached the Government of India to set up some industries there with Indian collaboration;

(b) whether it is a fact that some countries have also approched Government for carrying out preliminary survey for such industries; and

(c) if so, Government's reaction thereto ?

The Deputy Minister in the Ministry of Commerce (Shri S. V. Ramaswamy) : (a) and (b). Yes, Sir.

(c) Government of India are keen to help the countries concerned to the maximum extent possible. Feasibility surveys and other preliminary steps as required are carried out wherever necessary.

विदेशों में भारतीय उत्पादों का प्रचार

*596. **श्री कोया :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्रीमती मैमूना सुल्तान :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के माध्यम से तथा अन्य उपायों से निर्यात बढ़ाने के लिये विदेशों

में भारतीय उत्पादों के प्रचार में सुधार करने के लिये सरकार की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो योजना की मुख्य बात क्या है ; और

(ग) उसको कार्यान्वित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) से (ग) सभा पटल पर एक विवरण रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया (देखिए संख्या एल० टी० 4074/65]**

केन्द्रीय रेशम अनुसंधान संस्था, बरहामपुर

*602. **श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने केन्द्रीय रेशम अनुसन्धान संस्था, बरहामपुर पश्चिम बगाल से अच्छी नस्ल के रेशम के कीड़ों की जो मांग की थी उसे पूरा नहीं किया गया और केन्द्र ने पहले जो नस्ल तैयार की थीं उनका ह्रास हो रहा है ; और

(ख) इसका क्या कारण है कि अनुसन्धान कार्य में प्रगति नहीं हो रही है यद्यपि केन्द्र का बजट चार गुना बढ़ गया है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) जी, नहीं। पश्चिमी बंगाल सरकार ने केन्द्रीय रेशम अनुसन्धान संस्था, बरहामपुर से अच्छी नस्ल के रेशम के कीड़ों की कोई विशेष मांग नहीं की है । यह भी ठीक नहीं है कि केन्द्र ने जो पहले नस्ल तैयार की थीं उन का ह्रास हो रहा है ।

(ख) अनुसन्धान केन्द्र में अनुसन्धान कार्य रुक नहीं गया है । इसके प्रतिकूल अनुसन्धान केन्द्र ने अपने कार्यों को सभी क्षत्रों में स्थिरता के साथ बढ़ाया है ।

Recruitment to Class III services.

*604. **Shri A.P. Sharma :** Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the reasons for conducting the examinations for recruitment to Class III services on the Railways which is made zone-wise through the medium of English in those States where education is imparted through Hindi medium; and

(b) the steps being taken by Government in this direction?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b) Examinations for recruitment to all Central (including Railways) services in Class III are present being conducted through the medium of English. It would not be correct for the Ministry of Railways alone to take a unilateral action in the matter by conducting such examinations in Hindi for recruitment to Class III posts on Railways.

मैंगनीज तथा क्रोमाइट खानों से रायल्टी

*605. **श्री प्र० के० देव :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा सरकार ने खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1957 तथा बाद की अवधि के लिये उसके अधीन बनाये गये नियमों के उल्लंघन में निर्धारित की गई रायल्टियां वसूल करने के लिये कुछ मैंगनीज़ तथा क्रोमाइट खानों में पुनः आसेध कार्यवाही चालू कर दी, जब कि केन्द्रीय सरकार का इससे पहले का एक रोक आदेश था और उसके बाद के निर्धारण के बारे में पुनर्विचार याचिकाएं केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन थी ; और

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार ने इस पर क्या कार्यवाही की है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) और (ख). अभीष्ट सूचना उड़ीसा राज्य से मांगी गई है और प्राप्त होने पर सदन के सामने रखी जायेगी।

शंकर शरण न्यायाधिकरण

*606. **श्री स० मो० बनर्जी :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शंकरशरण न्यायाधिकरण की सभी सिफारिशों को कार्यान्वित किया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो इतनी अधिक देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) वास्तव में कितनी सिफारिशों को कार्यान्वित किया गया है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग) शंकर शरण न्यायाधिकरण ने कुल नौ सिफारिशें की थीं, उन्हें ज्यों की त्यों मानकर रेलवे बोर्ड ने उन पर आदेश जारी कर दिये हैं ।

इन सभी निर्णयों पर रेलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है और ये निणय अमल की विभिन्न अवस्थाओं में हैं ।

इन निर्णयों पर अन्तिम रूप से कार्रवाई करने में देरी का एक कारण यह है कि इन्हें 1–10–1962 से लागू करना था। इसके अलावा पदोन्नत पदों को निर्दिष्ट करते हुए संशोधित प्रतिशत के अनुसार पदों का पुनर्वितरण करने, उनके धारकों को निर्धारित करने और बकाया रकमों के परिकलन और उनके निबटारे के कारण भी देर हुई ।

छोटी कार परियोजना

*611. **श्री पें० वेंकटासुब्बया :**
श्री रवीन्द्र वर्मा :
श्री कृ० चं० पंत :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेनाल्ट नाक फ्रांसीसी मोटर निगम भारत में छोटी कार के निर्माण के बारे में एक पुनरीक्षित परियोजना प्रतिवेदन देने के लिये सहमत हो गया है।

(ख) यदि हां, तो यह प्रतिवेदन कब तक दे दिया जायेगा ; और

(ग) क्या छोटी कार को अनुमानित लागत बताने वाला कोई तदर्थ परियोजना प्रतिवेदन दिया जा रहा है ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग तथा उद्योग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह): (क) जी, हां ।

(ख) 2 से 3 महीनों के अन्दर ।

(ग) जी, नहीं ।

हथकरघा उद्योगों को राजसहायता

*151. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री रामचन्द्र मलिक :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1964–65 में देश के हथकरघा उद्योगों को केन्द्रीय सरकार से सहायता मिली थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) जी, हां ।

(ख) हथकरघा उद्योग के विकास के लिये केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों की मार्फत विभिन्न योजनाओं के लिये ऋणों और अनुदानों के रूप में उपदान देती है । इनका विस्तृत उल्लेख सभा पटल पर रखे गए विवरण में किया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 4075/65]** । 1964–65 में इन योजनाओं के लिये दिये गये धन की वास्तविक राशि का पता वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद ही चल सकेगा ।

जूतों का उद्योग

1592. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत वर्ष की तुलना में वर्ष 1964–65 में देश में जूतों का उत्पादन कम हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) वर्ष 1964–65 में जूता उद्योग के उत्पादों से कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुधेन्द्र मिश्र): (क) लघु उद्योग क्षेत्र में उत्पादन के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं तथा भारी उद्योग क्षेत्र में जूतों के उत्पादन में कोई कमी नहीं हुई है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) 1964 में अप्रैल से दिसम्बर तक कुल 322.59 लाख रु० के मूल्य के जूतों का निर्यात किया गया ।

डीजल इंजन चालित रेल गाड़ियां

1593. श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती: क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय उत्तर रेलवे में डीज़ल इंजिन चालित गाड़ियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) कितने डीज़ल इंजन खराब पड़े हैं ; और

(ग) इनकी मरम्मत करने और काम में लाने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) इस समय उत्तर रेलवे में डीज़ल इंजनों से चलने वाली गाड़ियों की कुल संख्या इस प्रकार है :—

बड़ी लाइन

सवारी गाड़ी (शटल)—	प्रत्येक दिशा से एक-एक गाड़ी
सीधे जाने वाली माल गाड़ी—	विभिन्न खंडों पर प्रत्येक दिशा से 72.5 गाड़ियां

छोटी लाइन

सवारी गाड़ी—	प्रत्येक दिशा से एक-एक गाड़ी

(ख) उत्तर रेलवे में बेकार पड़े डीज़ल रेल इंजनों की कुल संख्या इस प्रकार है :—

बड़ी लाइन—	शंटर किस्म के 6 रेल इंजन
छोटी लाइन—	कोई नहीं ।

(ग) बेकार पड़े रेल इंजनों की मरम्मत करने और उन्हें काम में लाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा रही है। शंटर किस्म के एक रेल इंजन की ओवरहालिंग की जा रही है और आशा है कि इस महीने के अंत तक उससे काम लिया जाने लगेगा। बाकी रेल इंजन भी शंटर किस्म के हैं। उनके लिए विदेश से कुछ सामान मंगाने के लिए आर्डर दिये जा चुके हैं जिनके मिल जाने पर ये रेल इंजन भी काम में लगा लिये जायेंगे ।

रेल के डिब्बों में जुआ

1594. **श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर रेलवे में रेल के डिब्बों में खुले आम जुआ रोकने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(ख) 1964 में उत्तर रेलवे में रेलवे-सम्पत्ति की चोरी के कितने मामले दर्ज किये गये और इनमें से कितने मामलों की जांच अभी बाकी है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सरकारी रेलवे पुलिस, जो जूआ की रोकथाम के लिए जिम्मेवार है, रेल परिसरों में अचानक जांच करती है, कड़ी गश्त लगाती है और छापे मारने का आयोजन करती है। इन कार्रवाइयों के फलस्वरूप 1964 में सरकारी रेलवे पुलिस द्वारा रेल-डिब्बों में केवल एक मामला पकड़ा गया।

(ख) सरकारी रेलवे पुलिस ने रेल-परिसम्पत्ति की चोरी के 639 मामले दर्ज किये। इनमें से केवल 6 मामलों की जांच अभी बाकी है।

स्टेशनों पर विश्रामकमरे

1595. **श्री चुनी लाल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर रेलवे के दिल्ली-कालका खण्ड में मुख्य मुख्य स्टेशनों पर विश्रामकक्ष बनाने की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्टेशनों पर और कितने विश्रामकक्ष बनाये जायेंगे और वे कब तक बन जायेंगे ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). अम्बाला छावनी स्टेशन पर विश्रामालय की व्यवस्था करने के बारे में रेल-प्रशासन विचार कर रहा है। लेकिन विश्रामालम का वास्तविक निर्माण धन की उपलब्धि पर निर्भर है।

दिल्ली–कालका खण्ड में पीन का पानी

1596. **श्री चुनी लाल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के दिल्ली-कालका खण्ड में कुछ ऐसे स्टेशन हैं जहां यात्रियों के लिए पीने के पानी में दुर्गन्ध आती है और पानी का जायका भी खराब होता है ;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो उस बारे में क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेलव मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). पिछले दिनों दिल्ली-कालका खण्ड के बादली और अमीन स्टेशनों पर कुओं से सप्लाई किये जाने वाले पीने के पानी के बारे में शिकायतें मिली थीं। इन स्टेशनों के कुओं को पानी निकालकर पूरी तरह साफ कर दिया गया है। पीने के पानी में सुधार करने के लिए उपाय बरते गये हैं। कुओं के रोगाणुनाशन के लिए नियमित रूप से पोटाश्यिम परमेंगनेट इस्तेमाल किया जाता है और अब इस सम्बन्ध में कोई शिकायत नहीं है।

निर्यात

1597. **श्री राम हरख यादव** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी, 1964 की तुलना में जनवरी, 1965 में निर्यात का परिमाण बहुत कम था ;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ; और

(ग) इस कारण भारत को कितनी विदेशी मुद्रा की हानि हुई ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) तथा (ग). जनवरी 1965 में निर्यात, पुनर्निर्यात सहित, 64 करोड़ रुपये का हुआ जबकि गत वर्ष इसी मास में 65 करोड़ रुपये का हुआ था। इस प्रकार कमी केवल एक करोड़ रुपये की हुई।

(ख) बनस्पति तेलों के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगाने तथा चीनी के निर्यात कोटे में कमी करने के कारण निर्यात में यह कमी हुई है।

अखबारी कागज का आयात

1598. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964–65 में देश में कुल कितनी मात्रा में अखबारी कागज का आयात किया गया और निर्माण किया गया ; और

(ख) इसी अवधि में अखबारी कागज के आयात पर कुल कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गयी ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) (क) और (ख). 1964–65 (दिसम्बर 1964 तक) कुल 70,675 मी० टन अखबारी कागज का आयात किया गया जिसका मूल्य 509 लाख रु० था। 1964–65 (जनवरी 1965 तक) देश में तैयार किये गये अखबारी कागज़ का परिमाण 24,048 मी० टन था।

नंगी रेलवे स्टेशन पर घटना

1599. **श्री राम हरख यादव** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 6 मार्च, 1965 की रात में पूर्व रेलवे के सियालदा-बजबज खंड में कलकत्ता से दो मील दूर नंगी रेलवे स्टेशन पर क्रुद्ध यात्रियों की एक भीड़ ने हमला किया और स्टेशन को क्षति पहुंचाई ;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण थे ; और

(ग) रेलवे स्टेशन की क्षति का ब्यौरा क्या है और उस का अनुमानित मूल्य कितना है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). 6–3–65 को लगभग 19–43 बजे यात्री गाड़ी सं० एस–223 अप नंगी रेलवे स्टेशन की मुख्य लाइन सं० 1 पर पहुंची। उसी समय, गाड़ी सं० एस––224 डाऊन भी अकरा की ओर से नंगी रेलवे स्टेशन पर आ रही थी। क्योंकि वहां एक ही मार्ग है इसलिए रेलवे अधिकारियों ने निश्चय किया कि इन गाड़ियों का मेल वहीं हो। इसलिये गाड़ी सं० एस–224 डाऊन को 'लूप' लाइन सं० 2 पर भेजना था। जो कांटा इस मनोरथ के लिये बदला जाना था

उसने ठीक कार्य नहीं किया और परिणाम स्वरूप गाड़ी सं० एस 224 डाऊन को संकेतों (सिग्नल्स) पर ही रोक देना पड़ा। इसी बीच सहायक स्टेशन मास्टर ने, जो उस समय ड्यूटी पर थे, सियालदह यातायात नियंत्रण के परामर्श से, गाड़ी सं० 223 को 'लूप' लाईन पर लाने का प्रबन्ध किया। इस प्रकार इस गाड़ी को भी उसी अकेली लाईन पर लाया जाना था जहां गाड़ी सं० एस 224 डाऊन पहले ही संकेतों के पास खड़ी हुई थी। सामने से टक्कर की आशंका के भय से गाड़ी सं० एस 224 के यात्रियों ने शोर मचाना और गाड़ी से उतरना आरम्भ कर दिया। गाड़ियों का मेल सुरक्षापूर्ण ढंग से हो गया और गाड़ी सं० एस-224 भी सुरक्षापूर्ण ढंग से मुख्य लाईन पर ले जाई गई। गाड़ी सं० एस-224 के यात्री भगदड़ में और आवेश में आकर रेलवे स्टेशन की ओर दौड़े और रेलवे कर्मचारियों पर आक्रमण किया जिन्हें अपनी सुरक्षा के लिये भाग जाना पड़ा। भीड़ ने यह भाव व्यक्त किया, यद्यपि यह गलत था, कि रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही तथा असावधानी से टक्कर हो जाती यदि वे समय पर शोर न मचाते।

इसमें 536.75 रुपये की नकदी की हानि हुई है। रेलवे की सम्पत्ति की क्षति का अनुमान 442 रुपये है। सियालदह की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 146/380/427 तथा भारत सुरक्षा नियमों के नियम 41(5) के अधीन मामला दर्ज किया और 3 व्यक्ति बन्दी बनाए।

ट्यूनीशिया से व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल

1600. **श्री राम हरख यादव** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ट्यूनीशिया से एक व्यापारिक प्रतिनिधिमण्डल भारत आया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस की यात्रा का क्या परिणाम निकला ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख). जी, हां। चालू भारत-ट्यूनीशिया व्यापार करार के अनुच्छेद 5 के अन्तर्गत निर्धारित संयुक्त भारत-ट्यूनीशिया आयोग की जो बैठक 3-3-65 से 9-3-65 तक व्यापार करार के अनुसार हुए काम की समीक्षा करने के लिए नई दिल्ली में हुई थी उसमें भाग लेने के लिये ट्यूनीशिया का एक व्यापारिक प्रतिनिधिमण्डल भारत आया था। वार्ता के अन्त में दोनों सरकारों के मध्य यह समझौता हुआ कि दोनों देशों के मध्य होने वाले व्यापार विनिमय का परिणाम 1964 की अपेक्षा 1965 में दुगना कर देना चाहिये।

जगाधरी वर्कशाप का ठेकेदार

1601. **श्री ओंकार लाल बेरवा** :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे में जगाधरी वर्कशाप के एक ठेकेदार को मध्यस्थ निर्णय के तौर पर लगभग तीन लाख रुपये दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो किस आधार पर ;

(ग) ठेकेदार ने वास्तव में कुल कितना कार्य किया था जिसके लिए उसने अपना दावा किया था ;

(घ) क्या कार्यपूर्ति की लक्ष्य-तिथि के उपरान्त अवधि बढ़ाने के लिए कोई अनुमति दी गई थी और यदि हां, तो उसके क्या कारण थे; और

(ङ) ठेके की शर्तें पूरी न करने के लिये क्या कार्यवाही की गई ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी हां । विवाचन निर्णय के अनुसार एक ठेकेदार को 2.96 लाख रुपये का भुगतान किया गया है ।

(ख) ठेकेदार के साथ कुछ झगड़े ऐसे थे जो समझौते द्वारा नहीं निपटाये जा सके, इसलिए ठेके की शर्तों के अनुसार उन्हें विवाचन के सुपुर्द करना पड़ा ।

(ग) लगभग 20.67 लाख रुपये का काम, जिसमें विवाचक-निर्णय के अनुसार किये गये भुगतान की रकम शामिल है ।

(घ) जी हां, क्योंकि नये आर० सी० सी० शेडों के पेचीदा डिज़ाइनों ने काफी समय ले लिया । इसके अलावा, शेड में होने वाले सामान्य काम में बिना किसी तरह की रुकावट डाले, विस्तार के लिए मौजूदा शेडों के विभिन्न सेक्शन को उपलब्ध करने के कारण देर हुई । इस्पात और सीमेंट की सप्लाई में भी देर हुई जो प्रशासन के काबू से बाहर की बात थी । इन सब बातों को देखते हुए समय समय पर ठेके की अवधि बढ़ाने की मंजूरी दी गयी ।

(ङ) जिन परिस्थितियों में काम पूरा करने की तारीख बढ़ानी पड़ी वे ठेकेदार के काबू से बाहर थीं, इसलिए ठेके की शर्तें पूरी न करने के सम्बन्ध में कार्रवाई करने का सवाल नहीं उठता ।

Salt from Water at Farukh Nagar.

1602 { **Shri Onkar lal Berwa :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :

Will the Minister of **Industry and Supply** be pleased to state :

(a) whether Government have under consideration a scheme to manufacture salt from brine water at Farukh Nagar in the Gurgaon District; and

(b) if so, the stage at which the matter stands now and when these salt works are likely to be set up ?

The Deputy Minister in the Ministry of Industry & Supply (Shri Bibudhendra Misra) : (a) and (b). A scheme to revive the salt works in Farukh Nagar is under the consideration of the Government of Punjab. The State Government, in consultation with the Salt Department, have undertaken initial investigations, which are in progress. The question will be pursued further after the result of the investigations is available.

रूरकेला में उर्वरक कारखाना

1603. **श्री द्वा० ना० तिवारी** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूरकेला में उर्वरक कारखाना इस प्रकार बनाया गया है कि वहां पर पर्याप्त मात्रा में गैस न मिलने के कारण कारखाने में निर्धारित क्षमता के अनुसार उत्पादन नहीं हो सकता;

(ख) यदि हां, तो इस कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं; और

(ग) वार्षिक उत्पादन तथा हानि कितनी होती है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) जी, नहीं । कारखाने का रूपांकन चार स्ट्रीम आप्रेशन द्वारा प्रतिवर्ष 580,000 टन केलसियम अमोनियम नाईट्रेट फर्टीलाईजर का उत्पादन करने के लिए किया गया है । लेकिन कोक ओवन गैस और इस में हाईड्रोजन की मात्रा की कमी के कारण अभी तक चार स्ट्रीमों में से केवल दो स्ट्रीम ही चालू हो सके हैं ।

(ख) एक विशेषज्ञ समिति के रिपोर्ट के आधार पर उपरिलिखित त्रुटियों को दूर करने के लिये प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं जिस से अधिकतम क्षमता तक उत्पादन किया जा सके । इस विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष वैज्ञानिक और औद्योगिक अनसंधान परिषद् के निर्देशक डा० हुसैन ज़हीर थे । समिति की रिपोर्ट हाल ही में प्राप्त हुई थी ।

(ग) अप्रैल, 1964 से जनवरी, 1965 की अवधि में 1,41,020 टन केलसियम एमोनियम नाईट्रट का उत्पादन हुआ और इस अवधि में 94.37 लाख रूपए की हानि हुई ।

सोनीपत-जींद रेलवे लाइन

1604. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर रेलवे में गोहाना होते हुए सोनीपत से जींद तक एक नई रेलवे लाईन बिछाने के लिए 1964 में कोई सर्वेक्षण किया था;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने आगे क्या कार्यवाही की है; और

(ग) इस पर कितना अनुमानित व्यय होगा ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठते ।

रबड़ का उत्पादन

1605. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964 में कच्चे रबड़ का कुल कितना उत्पादन हुआ ;

(ख) क्या वर्ष 1962 और 1963 की तुलना में उत्पादन में कुछ थोड़ी बृद्धि हुई थी; और

(ग) उत्पादन बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) 44,248 मी० टन ।

(ख) 1964 में हुआ उत्पादन 1963 की अपेक्षा लगभग 18.90 प्रतिशत और 1962 की अपेक्षा 41.1 प्रतिशत अधिक रहा ।

(ग) भारत में प्राकृतिक रबड़ के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए नीचे दिये गये कदम उठाये गये हैं:–

1. पुनरोपण उपदान योजना

रबड़ बोर्ड द्वारा, घाटे में जा रहे रबड़ क्षेत्रों के पुनरोपण के लिये 1,000 प्रति एकड़ का उपदान दिया जा रहा है ।

उन छोटे उत्पादकों को, जिनका रबड़ उत्पादन क्षेत्र 15 एकड़ से अधिक नहीं है, उपदान के अतिरिक्त नीचे लिखी रियायतें दी जाती हैं:—

(1) रोपण सम्बन्धी सामान का नि:शुल्क संभरण,

(2) खाद का आधी कीमत पर संभरण,

(3) समोच्च सीढ़ीदार खेत बनाने और "एड्डाक्लाइज़' निर्माण के लिये अधिकतम रू० 30—प्रति एकड़ का उपदान देना, और

(4) खाद की खाइयां या गढ़े बनाने के लिए अधिकतम 20 रू० प्रति एकड़ का उपदान देना ।

2. नवीन रोपण ऋण योजना

रबड़ बोर्ड द्वारा इस ऋण का अनुदान, उन छोटे उत्पादकों को जिनके पास 15 एकड़ से कम क्षेत्र है, इस क्षेत्र का 5 एकड़ से 15 एकड़ तक अधिक विस्तार करने के लिये दिया जाता है । इस योजना के अन्तर्गत प्रति एकड़ 750 रु० व्याज रहित ऋण का अनुदान दिया जाता है, जिसकी वापसी रोपण के 10 वर्ष पश्चात 7 वार्षिक किश्तों में की जाती है ।

3. अपरिपक्व क्षेत्रों की व्यवस्था के लिये ऋण

ऋणों का अनुदान उन छोटे उत्पादकों को, जिनके पास एक से 15 एकड़ रबड़ भूमि है उनके उस अपरिपक्व क्षेत्रों को सुधारने के लिये दिया जाता है जिसमें अधिक उत्पादन वाले रोपण सामान उपयोग में लाया गया हो । ऋण व्याज रहित है । इस ऋण की वापसी भी बराबर की वार्षिक किश्तों में स्थापना से 10 वर्ष पश्चात् से की जायेगी ।

4. रबड़ रोपण के लिये दीर्घकालीन ऋण

कृषि पुनर्वित्त निगम ने अपनी सहमति, 15 एकड़ अथवा उससे अधिक क्षेत्र में रबड़ उत्पादन करने वालों को दीर्घकालीन ऋण देने के लिये दे दी है । ऋण योजना का उद्देश्य रोपण के प्रथम वर्ष में वित्त की व्यवस्था करना और बाद के वर्षों में उनकी व्यवस्था व देखभाल करना है ।

5. रोपण सामान का वितरण

बोर्ड रबड़ उत्पादकों को उच्छी फसल देने वाले रोपण सामान भी प्रदान करता है । ऊपर बताई योजना के अतिरिक्त, बोर्ड यह भी करता है :—

1. रोगों के आक्रमण आदि रोकने के लिये पौधा संरणक्ष उपकरण वितरित करना,

2. टैपिंग की वैज्ञानिक विधियां सिखाने के लिये टैपरों को प्रशिक्षण देना, और

3. विभिन्न केन्द्रों में प्रयोगों द्वारा यह प्रदर्शित करना कि बर्तमान बागानों में रोपण करने, खाद देने और पौधों का संरक्षण करने की विधियां अपनाने से किस प्रकार उत्पादन बढ़ सकता है ।

रबड़ बोर्ड ने रबड़ उत्पादकों को सुधरी हुई वैज्ञानिक प्रणाली से खेती करने की शिक्षा देने के उद्देश्य से एक प्रविधिक सलाहकार और विस्तार सेवा आरम्भ की है। इस अनुभाग द्वारा उत्पादकों द्वारा किये गये रबड़ की खेती सम्बन्धी विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया जाता है।

राजपुरा-भटिंडा सेक्शन में पानी ठंडा करने की मशीनें

1606. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री सू० ला० वर्मा :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर रेलवे के राजपुरा-भटिंडा सेक्शन में किन-किन स्टेशनों पर पानी ठंडा करने की मशीनें 31 मार्च, 1965 तक लगायी जाने वाली हैं ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : राजपुरा-भटिंडा सेक्शन के भटिंडा, धूरी, पटियाला और राजपुरा रेलवे स्टेशनों पर जलशीतकों की व्यवस्था कर दी गयी है। दूसरे स्टेशनों पर जलशीतक लगाने का काम अभी बन्द है क्योंकि जलशीतकों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है।

वस्तु विक्रय ठेकेदार

1607. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री सू० ला० वर्मा :
श्री बूटा सिंह :
श्री गुलशन :
श्री प० ह० भील :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे प्रशासन ने बिक्री के उन ठेकेदारों को, जो आठ साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं, उन के ठेकों की समाप्ति की सूचनाएं जारी की हैं; और

(ख) क्या ऐसे ठेके देने के लिए नए प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किये जायेंगे या वे पुराने ठेकेदारों को ही फिर दिये जायेंगे ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). कुछ दिन पहले इस आशय की हिदायतें जारी की गयी थी कि खान पान और/या खोमचों के उन ठेकों के लिये नयी अर्जियां मंगायी जायें जो एक ठेकेदार के पास उस समय से लगातार 9 या 10 वर्ष तक चलते आ रहे हों, जबकि पहली बार ठेका दिया गया था। इन हिदायतों को रद्द कर दिया गया है। पहले की तरह, ठेकों का नवीकरण रेल-प्रशासनों द्वारा सामान्य नियमों के अनुसार किया जायेगा।

लागत लेखा प्रशिक्षण

1608. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री सू० ला० वर्मा :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1-1-1962 से 31-12-1964 तक उत्तर रेलवे लेखा विभाग के कुल कितने सहायक

लेखा पदाधिकारियों ने सरकारी खर्च से लागत लेखा का सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त किया; और

(ख) उनकी सेवाओं का किस प्रकार उपयोग किया गया है ?

रेलवे मंत्रालय मे उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) तीन ।

(ख) उन में से दो इस समय जोधपुर और अमृतसर कारखानों में लेखा कार्यालयों के इन्चार्ज हैं और तीसरे लेखा-परीक्षा विभाग में उपनियुक्ति पर हैं ।

फोटोग्राफी के सामान का आयात

1609. **डा० लक्ष्मी मल्ल सिंघवी** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के भाग 4 की क्रम संख्या 303 और 305 के अन्तर्गत आने वाले फोटोग्राफी के सामान के आयात के लिये जनवरी/जून, 1945 से अन्तिम लाइसेंस अवधि तक प्रत्येक लाइसेंस अवधि में और विभिन्न मुद्रा क्षेत्रों से पृथक कुल कितनी राशि के लाइसेंस दिये गये और आयात किया गया; और

(ख) आयात करने वाले कुल कितनी फर्मों जैसे संस्थापित आयातकर्ताओं तथा वास्तविक उपयोगकर्ताओं को श्रेणीवार लाइसेंस दिये गये ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख). दो विवरण सभा पटल पर रखे जाते हैं । **[पुस्तकालय में रखे गये । देखिए संख्या एल० टी० 4076/65]** । इन में श्रेणी तथा मुद्रा के अनुसार उन लाइसेंसों की संख्या और मूल्य दिये गये हैं जो कि आयात व्यापार नियंत्रण अनुसूची के क्रमांक 303/4 और 305/4 के अन्तर्गत फोटोग्राफी के सामान का आयात करने के लिये जनवरी-जून, 1951 से अप्रैल-मार्च, 1965 (5-12-64 तक) तक की अवधियों में जारी किये गये हैं । इस से पहले की अवधियों के आंकड़े तथा जारी किये गये लाइसेंसों पर हुए फोटोग्राफी के सामान के वास्तविक आयात आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

फोटोग्राफी का कागज

1610. **डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी** : क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में फोटोग्राफी के कागज का (वर्ग मीटरों तथा भार में) कुल कितना निर्माण किया गया

(ख) क्या यह कागज आयात किये गये कच्चे कागजों पर कोट कर के बनाया जाता है, यदि हां, तो यह कागज किन-किन देशों से प्राप्त होता है और उसका वर्ग मीटरों तथा भार के अनुसार चुकता किये लागत बीमा-किराया सहित मूल्य का क्या ब्यौरा है;

(ग) पिछले दस वर्षों में लागत बीमा-किराया सहित कुल कितने मूल्य का तैयार कागज आयात किया गया; और

(घ) भारत में निर्मित फोटोग्राफी कागज के किस्मवार कारखाना, थोक तथा खुदरा मूल्य क्या क्या हैं और आयात किये गये तथा देश में निर्मित कागज के मूल्यों में कितना अन्तर है?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुधेन्द्र मिश्र) : (क) से (घ). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और यथासमय उसे सदन की मेज पर रख दिया जाएगा ।

Separate Railway Service Commission for Bihar

1611. **Shri Bibhuti Mishra :**
Shri K. N. Tiwari :
Shri A. P. Sharma :

Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that M.Ps. from Bihar have demanded the appointment of a separate Railway Service Commission for Bihar, and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes Sir.

(b) There are at present 4 Railway Service Commissions headquartered at Allahabad, Bombay, Calcutta and Madras and these Commissions cater to the recruitment needs of all Indian Railways traversing the sixteen States of the country. The organisational set up of the Railway system cannot obviously be co-terminus with the geographical jurisdictions of the various States and, therefore, it is not the policy of the Government to set up Service Commissions catering to the needs of sections of Railways operating in any one State of the Union. The State of Bihar, for instance, is served by 3 different railway systems and the recruitment to these systems is done by the Service Commissions at Calcutta and Allahabad. These all India arrangements have been working satisfactorily and it is not proposed to make any changes in the existing set up.

कोयले के लिये माल डिब्बे

1612. **श्री द्वा० ना० तिवारी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ईंटें पकाने और ईंधन के तौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले कोयले के लिए माल डिब्बे उत्तर बिहार में, विशेषकर तिरहुत खण्ड के चार जिलों में, अब भी अपर्याप्त हैं; और

(ख) यदि हां, तो उत्तर बिहार में कोयला ले जाने के लिये माल डिब्बे सीमित संख्या में दिये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) और (ख). उत्तर बिहार के कोयला उपभोक्ता मंडुवाडीह, गड़हरा और भागलपुर यानान्तरण स्थलों के रास्ते बंगाल/बिहार के कोयला क्षेत्रों से कोयला प्राप्त करते हैं। अक्तूबर, 1964 से पहले उत्तर बिहार के लिए कोयला भेजने की जितनी मांग की गई थी वह सभी पूरी कर दी गयी थी। सच तो यह है कि मांग कम होने के कारण बहुत यानान्तरण क्षमता बेकार गयी। बाद में मांग यकायक बढ़कर जितनी यानान्तरण क्षमता थी उससे कहीं अधिक हो गयी, जिसकी वजह से मंडुवाडीह, गड़हरा और भागलपुर में कोयले के यानान्तरण के लिए उपलब्ध क्षमता को देखते हुए कोयले के नियतन पर नियंत्रण रखना जरूरी हो गया। अक्तूबर, 1964 से जनवरी, 1965 तक की अवधि में इन यानान्तरण स्थलों पर कुल मिला कर उत्तर बिहार और उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए जनता के कोयले के 13,866 मालडिब्बों का यानान्तरण किया गया, जब कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 11,713 मालडिब्बों का यानान्तरण किया गया था। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष इन यानान्तरण स्थलों से उपभोक्ताओं के लिए कोयले का यानान्तरण 18·2 प्रतिशत अधिक आ।

बिजली की रेलगाड़ियों में शौचालय और पेशाबघर

1613. **श्री सुबोध हंसदा :**
श्री दलजीत सिंह :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व रेलवे के सियालदह खण्ड में विद्युत् चालित रेलगाड़ियों के यात्री डिब्बों में शौचालय अथवा पेशाबघरों की व्यवस्था नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस सेक्शन पर बिजली की रेलगाड़ियां चलाये जाने के कारण प्लेटफार्मों के शौचालय और पेशाबघर बेकार हो गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जहां तक प्रश्न के भाग (क) का सम्बन्ध है, उपनगरीय बिजली गाड़ियों के सवारी डिब्बों में टट्टियों या पेशाबघरों की व्यवस्था न करने की मौजूदा पद्धति को ही जारी रखने का विचार है ।

जहां तक प्रश्न के भाग (ख) का सम्बन्ध है, सवाल नहीं उठता ।

अम्बाला छावनी-नांगल बांध रात्रि गाड़ी

1614. **श्री दलजीत सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कीरतपुर साहिब और हिमाचल प्रदेश की जनता ने उत्तर रेलवे के कीरतपुर साहिब स्टेशन पर अम्बाला छावनी से नांगल बांध जाने वाली रेल गाड़ी के दो मिनट रुकने के बारे में एक अभ्यावेदन दिया है, जब कि यह आनन्दपुर साहिब में एवसप्रेस गाड़ी से मेल करने से 10 मिनट पहले पहुंच जाती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार का क्या विचार है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) और (ख). 15-12-1962 से प्रयोग के तौर पर 1 यू आर एन अम्बाला - नांगल डैम सवारी गाड़ी को कीरतपुर साहिब स्टेशन पर ठहराने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन इस गाड़ी से कीरतपुर साहिब स्टेशन तक आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या कम होने के कारण 15-7-1963 से इसे वहां ठहराना बन्द कर दिया गया ।

इस गाड़ी को वहां फिर से ठहराने के लिए अभ्यावेदन मिले हैं। इस मामले पर दुबारा विचार किया गया है लेकिन इसे वहां फिर से ठहराने के लिए यातायात सम्बन्धी औचित्य नहीं है ।

इस्पात निर्यात करने वालों का संघ

1615. **श्री राम सहाय पाण्डय :**
श्री उइके :
श्री राधे लाल व्यास :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस्पात निर्यात करने वालों का संघ स्थापित किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके कौन-कौन सदस्य हैं तथा उसका कार्य-क्षेत्र क्या है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) और (ख). मुख्य उत्पादकों इस्पात के पुनर्वेलन कर्ताओं और इस्पात के व्यापारियों ने सरकार के पुरस्करण से एक इस्पात-निर्यातक संघ स्थापित किया है। यह सीमित-देयता वाली एक रजिस्टर्ड कम्पनी है। कम्पनियों में इन हितों के प्रतिनिधि हैं और ऐसे व्यक्ति तथा संगठन इसके सदस्य बन सकते हैं जो इस्पात के निर्यात में दिलचस्पी रखते हों बशर्ते कि वे ऐसी शर्तें पूरी करें जो कम्पनी सदस्यता की पात्रता के लिए निर्धारित करे। कम्पनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :—

(1) लोहे और इस्पात के निर्यात में सहायता करने, संरक्षण करने तथा भरण पोषण करने में ऐसे उपाय करना जो आवश्यक हों और समयोचित हों और उपरोक्त बातों की सामान्यता पर कुप्रभाव डाले बिना—

(i) बाहर के देशों में प्रत्येक देश के बाजार का नियमित तथा तदर्थ आधार पर अध्ययन करना;

(ii) विदेशों में व्यापार-शिष्टमंडल भेजना, आदि ।

(2) लोहे और इस्पात आदि के निर्यात का भरण-पोषण करने और उसमें वृद्धि करने के समुचित और आवश्यक उपाय करने के उद्देश्य से संसार के वाणिज्य-मण्डलों अथवा अन्य वाणिज्यिक और सार्वजनिक निकायों से स्थायी सम्पर्क स्थापित करना ।

डीजल प्रशिक्षण स्कूल, बोंडामुडा

1616. **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री सुबोध हंसदा :

क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बौंडामुडा में डीजल प्रशिक्षण स्कूल कब स्थापित किया गया था और इस समय यह किस तरह चल रहा है;

(ख) वहां पर किस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है;

(ग) क्या वहां पर सभी खंडों के कर्मचारियों को दाखिल किया जाता है;

(घ) क्या वहां पर अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो क्या उसका स्थान ऐसी जगह बदला जायेगा जो सभी प्रकार के कर्मचारियों के लिये सुविधाजनक हो ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) बौंडामुंडा में डीजल प्रशिक्षण स्कूल की स्थापना 14-11-62 को की गयी थी। यह स्कूल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काम कर रहा है ।

(ख) यह स्कूल मुख्यतः शिक्षी कर्मचारियों, ड्राइवरों, और सहायक ड्राइवरों को प्रशिक्षण देने के लिए है। इस समय वहां डीजल-संगठन के लिए अपेक्षित पर्यवेक्षण कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है ।

(ग) यह स्कूल मुख्यत: दक्षिण पूर्व रेलवे में डीजल सम्बन्धी कर्मचारियों की जरूरत पूरी करने के लिए है। लेकिन जब कभी दूसरी रेलों द्वारा मांग की गयी, उन्हें सहायता दी गयी।

(घ) इस स्कूल में अफसरों को प्रशिक्षण देने का विचार नहीं है। लेकिन, जब तक खड़गपुर में अतिरिक्त प्रशिक्षण की सुविधा नहीं हो जाती, तब तक यहां पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

(ङ) उपर्युक्त भाग (घ) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता।

रेलवे कर्मचारियों के लिये पेंशन योजना

1617. **श्री शिवमूर्ति स्वामी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1957 से पहले सेवा निवृत्त हुए रेलवे कर्मचारियों को पेंशन योजना का लाभ देने के बारे में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस विषय में कोई कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) 1-4-1957 के पूर्व सेवा-निवृत्त रेल कर्मचारियों को पेंशन योजना में शामिल करने की प्रार्थना पर सरकार ने अनेक बार पूरी तरह विचार किया है और वह इस नतीजे पर पहुंची है कि यह प्रार्थना स्वीकार नहीं की जा सकती। इस विषय पर सेवा निवृत्त कर्मचारियों के द्वारा या उनकी ओर से दूसरों के द्वारा भेजे गये अभ्यावेदनों के उत्तर तदनुसार दे दिये गये हैं।

रेलवे वर्कशाप, गोरखपुर

1618. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गोरखपुर के रेलवे वर्कशाप में इस समय कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं;

(ख) कितने पुराने कर्मचारियों की तरक्की की गयी है ;

(ग) पिछले पांच वर्षों में (प्रत्येक वर्ष में) कितने व्यापार सम्बन्धी तथा अन्य शिक्षार्थी भर्ती किये गये; और

(घ) व्यापार सम्बन्धी शिक्षार्थियों के प्रशिक्षण पर उपर्युक्त अवधि में प्रत्येक वर्ष कितना खर्च हो रहा है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 8439।

(ख) 1326।

(ग) ट्रेड अप्रेंटिस--कोई नहीं।

दूसरे अप्रेंटिस	1960	21
	1961	24
	1962	30
	1963	34
	1964	कोई नहीं।

(घ) सवाल नहीं उठता।

पूर्वोत्तर रेलवे अस्पताल, गोरखपुर

1619. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गोरखपुर के पूर्वोत्तर रेलवे अस्पताल में रोगी को केवल चार चपातियां दी जाती हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इतनी कम चपातियों से रोगी की भूख नहीं मिट सकती; और

(ग) यदि हां, तो क्या चपातियों संख्या बढ़ाई जायेगी या वर्तमान आहार सूची में परिवर्तन किया जायेगा ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं। एक रोगी को दिन और रात के भोजन में छः छः चपातियां या चावल के साथ तीन तीन चपातियां दी जाती हैं। सवेरे नाश्ते पर चाय के साथ $\frac{1}{2}$ औंस मक्खन और डबल रोटी के दो-दो टुकड़े दिये जाते हैं। एक व्यस्क रोगी को प्रतिदिन कुल मिला कर लगभग 435 ग्राम खाद्यान्न दिया जाता है।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

पूर्वोत्तर रेलवे में अनियमित पदोन्नतियां

1620. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे में स्टेशन मास्टरों तथा सहायक स्टेशन मास्टरों को छोड़ कर अन्य कर्मचारियों के सम्बन्ध में अनियमित पदोन्नति के कोई मामले उनके ध्यान में आए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे में ऐसी शिकायतें बढ़ती जा रही हैं, और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले में कोई जांच की है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). सूचना मंगायी जा रही है और सभा पटल पह रख दी जायेगी।

ग्वालियर के निकट लौह अयस्क

1621. **श्री पाराशर** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लौह अयस्क का पता लगाने के लिए ग्वालियर और गुना के बीच 50 मील चौड़ी भूमि पट्टी प्राप्त करने में कोई कठिनाइयां हो रही हैं; और

(ख) क्या कोई सर्वेक्षण किया गया है और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) जी, हां। कच्चा लोहा परतों में तथा ऐसी प्राकृतिक दशाओं में मिलता है कि उसका विस्तृत पैमाने पर विदोहन आर्थिक दृष्टि से उचित न हो।

दक्षिण रेलवे पर मालगाड़ी का पटरी से उतर जाना

1622. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **रेलवे** मंत्री 27 नवम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 610 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे के बंगलौर-अरसीकेरा खण्ड पर बाणसन्द्र और संगिग रोड के बीच 28 जुलाई, 1964 को एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के सम्बन्ध में जांच का प्रतिवेदन तैयार हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) जी हां ।

(ख) जांच समिति की राय में दुर्घटना का कारण यह था कि एक माल डिब्ब में खराब स्प्रिंग लगी थीं । उस कर्मचारी के खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही की गयी है जिसने खराब माल डिब्बे को योग्य घोषित किया था ।

विशेष इस्पात

1623. **श्री महेश्वर नायक** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विशेष इस्पात की वर्तमान आवश्यकता क्या है;

(ख) उसका कितना अंश देश में हुए उत्पादन से पूरा होता है तथा कितना आयातित माल से; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में आत्म निर्भर होने की कोई योजना विचाराधीन है ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी) : (क) व्यावहारिक अर्थशास्त्र अनुसन्धान की राष्ट्रीय परिषद् ने 1965–66 में मिश्र और विशेष इस्पात की मांग 461,600 टन होने का अनुमान लगाया है जिस में 101,000 टन के लगभग विद्युत् चादरें भी सम्मिलित हैं ।

(ख) वर्तमान देशीय उत्पादन लगभग 53,000 टन है । जिस में 24,000 टन के लगभग विद्युत् चादरें हैं । 1963-64 में 60,529 टन आयात किया गया ।

(ग) सरकारी और निजी क्षेत्र में मिश्र और विशेष इस्पात के उत्पादन के लिए 600,000 टन की क्षमता के लिए लाइसेंस दिए गए हैं । इसमें विद्युत् चादरें भी शामिल हैं और कई योजनायें क्रियान्वित की जा रही हैं ।

Divisional Headquarters at Mughalsarai

1624. **Shri A. P. Sharma:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up Divisional Headquarters of the Eastern Railway at Mughalsarai; and

(b) if so, the steps taken in this regard?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh;): (a) No.

(b) Does not arise.

उड़ीसा को सीमेंट की मांग

1625. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रामचन्द्र मलिक :

क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा की सीमेंट की वर्तमान आवश्यकता कितनी है ; और

(ख) 1964-65 में उड़ीसा को वास्तव में कितनी मात्रा में सीमेंट का आवंटन किया गया ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुधेन्द्र मिश्र) : (क) उड़ीसा सरकार ने अप्रैल-जून, 1965 की अवधि के लिए 2,75,322 मीट्रिक टन सीमेंट का इंडेन्ट दिया है ।

(ख) राज्य कोटा के अन्तर्गत उड़ीसा को 1964-65 में 2,00,150 मीट्रिक टन सीमेंट आवंटित किया गया था ।

पोलिस्टर रेशे का निर्माण

1626. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय सरकार के विचाराधीन, भारत में पोलिस्टर रेशे का निर्माण करने के लिये, कितने आवेदनपत्र हैं ; और

(ख) उनका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क). और (ख). हाल में ही प्राप्त तीन आवेदन-पत्र अब तक विचाराधीन हैं । पोलिस्टर रेशे के निर्माण के लिए स्वदेशी कच्चे माल की उपलब्धि अनिश्चित होने के कारण ये आवेदन पत्र अस्वीकार किए जाएंगे ।

गैर-सरकारी औद्योगिक उपक्रम

162. **श्री विभूति मिश्र :**
श्री क० ना० तिवारी :

क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने किसी गैर-सरकारी औद्योगिक उपक्रम के नियंत्रण अथवा प्रबन्ध को उद्योग विकास तथा विनियमन अधिनियम के अधीन अपने हाथ में लेने की अवधि को 10 वर्ष बढ़ाने के लिये शक्ति अपने हाथ में लेने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कार्यरूप देने के लिए क्या कानूनी उपबन्ध किये जायेंगे ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुवेन्द्र मिश्र): (क) और (ख). उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 18-क की उप-धारा (2) के परन्तुक में संशोधन करने के लिये राज्य-सभा ने 23-3-65 को एक विधेयक पारित किया है जिससे परन्तुक के अन्तर्गत बढ़ाये गये समय की अवधि एक बार में दो वर्षों से अधिक न बढ़ाई जा सके इस प्रकार बढ़ाये गये समय की कुल अवधि दस वर्षों से अधिक न हो ? राज्य सभा द्वारा पारित रूप में विधेयक को लोक सभा के चालू सत्र में विचार करने तथा पारित करने के लिये उसे प्रस्तुत किया जायेगा ।

मध्य प्रदेश में कताई मिल

1678. **श्री पाराशर** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में सहकारी कताई मिल स्थापित करने के हेतु लाइसेंस के लिए कोई आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो मिल किस स्थान पर स्थापित करने का विचार है ; और

(ग) क्या आवश्यक लाइसेंस दिया गया है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी, हां । मध्य प्रदेश में सहकारी कताई मिलें स्थापित करने के हेतु लाइसेंस के लिये चार आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं ।

(ख) सहकारी कताई मिलें स्थापित करने के प्रस्तावित स्थान छिन्दवाडा, जबलपुर, रतलाम और उज्जैन हैं ।

(ग) चूंकि मध्य प्रदेश की सरकार को इन प्रस्तावित सहकारी कताई मिलों में हिस्से ले कर भाग लेने के लिये आवश्यक व्यवस्था करनी शेष है तथा वित्त लगाने वाली संस्थाओं से उपलब्ध वित्तीय सहायता का भी निश्चय करना है, इसलिये इन चारों मिलों को अब तक कोई लाइसेंस नहीं दिये गये हैं ।

Shortage of Cement

1629. **Shri S.N. Chaturvedi:** Will the Minister of **Industry and Supply** be pleased to state:

(a) Whether Government have received any complaint that an artificial scarcity of cement has been created by not issuing permits to the consumers while there are heavy stocks of cement in the godowns of cement dealers in U.P.; and

(b) the quantity of cement available with the cement stockists and the quantity sold by them in each month during the period July—December 1964 in U.P. ?

The Deputy Minister in the Ministry of Industry and Supply (Shri Bibudhendra Misra) : (a) and (b) The infromation is being compiled by the Government of Uttar Pradesh and on receipt it will be placed on the Table of the House.

मैसूर में अखबारी कागज कारखाना

1630. { डा० महादेव प्रसाद :
श्री प्र० चं० बरुआ:

क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसूर में कनाडा के सहयोग से गैर-सरकारी क्षेत्र में एक अखबारी कागज कारखाना स्थापित करने के लिए लाइसेंस दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है तथा इसमें कितनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुवेन्द्र मिश्र) : (क) तथा (ख). माननीय सदस्य का ध्यान लोक सभा में 19 मार्च, 1965 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 1314 के दिये गये उत्तर की ओर आकर्षित किया जाता है । तब से स्थिति में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है ।

यातायात संभावनाएं

1631. { श्री प्र० चं० बरुआ:
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965–66 में यातायात संभावनाओं के नवीनतम अध्ययन से पता चलता है कि रेलवे 1965–66 में 2150 लाख टन से अधिक माल नहीं ले जा सकती है ;

(ख) इस वर्ष ऐसी सेवा के लिये देश की अनुमानित आवश्यकता क्या है ; और

(ग) रेलों तथा अन्य यातायात साधनों से माल ढोने की क्षमता बढ़ाने के लिये क्या कदम उठाए जा रहे हैं ।

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) से (ग). 1965–66 में रेलवे के माल यातायात सम्बन्धी मांग के नवीनतम अध्ययन से पता चलता है कि 1964–65 की तुलना में 1965–66 में रेलवे को सम्भवत: लगभग 1 करोड़ मीट्रिक टन अधिक माल ढोने को मिलेगा । 1964–65 में रेलवे द्वारा 19.60 करोड़ मीट्रिक टन प्रारम्भिक माल ढोये जाने की आशा है । रेलवे द्वारा कितना माल ढोया जायेगा, यह देश में समस्त औद्योगिक और आर्थिक गतिविधि के वास्तविक विकास पर निर्भर है । माल की ढुलाई के लिए रेलवे की परिवहन क्षमता बढ़ाने की योजना यह मान कर बनायी गयी है कि यद्यपि कुल मिला कर 1965–66 में ढोये जाने वाले माल की मात्रा कुछ कम हो सकती है, फिर भी कैलेण्डर वर्ष 1966 में लगभग 22.50 करोड़ मीट्रिक टन माल ढोने की मांग की जायेगी और इसी आधार पर रेलवे की परिवहन क्षमता बढ़ायी जा रही है । रेलवे को छोड़ कर परिवहन के अन्य साधनों से माल ढोने की क्षमता बढ़ाना रेल मंत्रालय के अधिकार-क्षेत्र में नहीं है ।

Patel Nagar Railway Station

1632. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Patel Nagar Railway Station in the Capital is being shifted from its present place to a place near Prem Nagar Colony;

(b) whether it is also a fact that the Delhi Milk Supply Scheme have occupied the road connecting Prem Nagar with the station; and

(c) if so, whether the plots of land and the houses in the aforesaid colony are being acquired for the constrction of a railway station there ?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes. This is being done at the request of Delhi Administration.
(b) Yes.

(c) Land is being acquired by the Delhi Development authority for the use of the Railway.

मद्रास का भू-भौतिकीय सर्वेक्षण

1633. **श्री मलाइछामी** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास राज्य में कोई भू-भौतिकीय सर्वेक्षण किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस से क्या परिणाम निकला ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) जी, हां ।

(ख) भू-भौतिकीय अन्वेषणों के परिणामस्वरूप भारतीय भौतिकी विभाग को पोलूर (उत्तरी अरकाट) के पास गंधक अयस्क, समन्दुर (दक्षिणी अरकाट) में तांबा-सिक्का-जस्ता और दक्षिणी अरकाट के लिगनाइट खानों के पास वाले नये क्षेत्रों में लिगनाइट प्राप्त हुए हैं । बाद में भारतीय भौतिकी विभाग ने व्यधन कार्य किया जिसके फलस्वरूप 24,400 मीटरी टन गंधक के भण्डार का अनुमान है जिस में औसतन 25 प्रतिशत गंधक है ।

परीक्षण व्यधन से, तांबा-सिक्का-जस्ता के भण्डार का 150 मीटर की गहराई तक 0.9 मिलियन मीटरी टन का अन्वीक्षात्मक अनुमान लगाया गया है । अयस्क में धातु औसतन 1.75 प्रतिशत सिक्का, 1.56 प्रतिशत जस्ता और 0.65 प्रतिशत तांबा है ।

दक्षिणी और पश्चिमी सीमाओं को अंकित करने के लिए 1961—64 में दक्षिणी अरकाट के लिगनाइट क्षेत्रों के भू-भौतिकीय अन्वेषण से लिग्नाइट का विस्तार दक्षिण की ओर होने का पता चला है ।

1960—65 में रामनाथपुरम जिले में किये गये भू-भौतिकी अन्वेषणों से तल-चट्टान की गहराई तथा विभिन्न भौतिकी परिवर्तनों का चित्रण हुआ है जिनका क्षेत्र की भू-जल दशाओं पर प्रभाव पड़ता है ।

निर्यात संभावनाओं का सर्वेक्षण

1634. **श्री मलाइछामी** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में निर्यात सभावनाओं का राज्यवार सर्वेक्षण करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस में खनिज सम्पत्ति तथा उसकी निर्यात संभावनायें भी शामिल हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

डिब्बों में बन्द फलों के रस का निर्यात

1635. **श्री सुबोध हंसदा :**
श्री स० चं० सामन्त :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डिब्बों में बन्द फलों के रस और कटे फलों के निर्यात के लिये रूस से अतिरिक्त अन्य नई मण्डियों का पता लगाया गया है;

(ख) यदि हां, तो उन का विवरण क्या है ; और

(ग) उन देशों को निर्यात कब से किया जायेगा और निर्यात के लिये भुगतान का आधार क्या होगा ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) जी, हां ।

(ख) फलों के रस तथा फल उत्पादों को रूस तथा पूर्वी यूरोप के देशों के अतिरिक्त पश्चिमी जर्मनी तथा पश्चिमी यूरोप के अन्य देशों को भी भेजने के निरन्तर प्रयत्न किये जा रहे हैं। पश्चिमी जर्मनी के फल संरक्षण विशेषज्ञ श्री रोव्लवस्की ने अप्रैल, 1964 में भारत की यात्रा की । पश्चिमी जर्मनी को भारतीय समापित फल भेजने की प्रणालियों के सम्बन्ध में सलाह देने के लिये वे भारत आये थे । इसके फलस्वरूप पश्चिमी जर्मनी से अमरस के परीक्षण आर्डर प्राप्त हो चुके हैं।

(ग) माल भेजना जुलाई से आरम्भ हो जाने की आशा है । पश्चिमी युरोप को होने वाले निर्यात का भुगतान मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में और रूस तथा पूर्वी यूरोप के देशों को होने वाले निर्यात का भुगतान रुपयों में किया जायेगा ।

कपास का निर्यात

1636. **श्री सबोध हंसदा:**
श्री स० चं० सामन्त :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1964-65 में कपास का निर्यात कम हुआ ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) किन देशों को विशेष रूप से कम निर्यात हुआ ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी, हां ।

(ख) कुछ तो अन्य देशों के इसी वर्ग के मूल्य प्रतियोगितापूर्ण होने तथा कुछ खरीदार देशों द्वारा मानव निर्मित रेशों का अधिक प्रयोग करने का कारण ।

(ग) मुख्यत: जापान ।

Bhilai Steel Project

1637. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the Minister of **Steel and Mines** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the employees of the medical and Health departments of Bhilai Steel Plant went on strike from the 25th January 1965 to 15th February 1965 ;

(b) whether it is also a fact that the aforesaid employees informed Government about their demands before going on strike; and

(c) if so the decision taken by Government in this regard ?

The Minister of Steel and Mines (Shri Sanjiva Reddy) : (a) Class IV employees generally though not all abstained from work from 25th January 1965. Some of them rejoined duty on 4th February 1965 while others rejoined on 16th February 1965.

(b) A body calling itself Bhilai Steel Plant Medical and Health Employees Association did send to the Government a representation containing certain demands relating to the employees of the Medical & Health Department of the Bhilai Steel Plant.

(c) The matter did not call for decision at Government level as there exists a well recognised procedure for dealing with such representations at plant level.

ट्रेन एग्जामिनर

1638. **श्री बाल्मीकी :**
श्री साधू राम :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(ख) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड ने 21 जुलाई, 1964 को ट्रेन एग्जामिनरों के वेतनक्रम का पुनरीक्ष ण करने का फैसला किया था

(ख) यदि हां, तो यह निर्णय कब कार्यान्वित किया जायेगा; और

(ग) उसे अब तक कार्यान्वित न करने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). गाड़ी परीक्षकों (Train Examiners) की भर्ती, प्रशिक्षण, वेतनमान और विभिन्न ग्रेड में उन के पके वितरण से सम्बन्धित सारा सारा प्रश्न रेलवे बोर्ड के विचाराधीन है ।

द्वितीय श्रणी के क्लर्कों की वरिष्ठता

1639 { **श्री बाल्मीकी:**
श्री साधू राम:
श्री पन्नालाल बारूपाल: }

मंत्री रेलवे मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे मंत्रालय ने उत्तर रेलवे में काम करने वाले द्वितीय श्रेणी के कल्कों की वरिष्ठता का प्रश्न अब अन्तिम रूप से निश्चित कर लिया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनुसूचित जाति/आदिम जाति के उम्मीदवारों की रोस्टर के अनुसार वरिष्ठता की मांग अस्वीकार कर दी गयी है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) जी नहीं, क्योंकि यह प्रश्न विचारधीन नहीं था ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

रेफ्रिजरेटरों का निर्यात

1640. { **श्री दे० जी० नायक:**
श्री छ० म० कदरिय :
श्री बाल्मीकी : }

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों को रेफ्रिजरेटरों का निर्यात करने का निश्चय किया गया है, और

(ख) यदि हां, तो 1965–66 में इस से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होने की सम्भावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० राजस्वामी): (क) रेफ्रिजरेटरों के निर्यात पर नियंत्रण नहीं है ।

(ख) 1965–66 में रेफ्रिजरेटरों के सम्भावित निर्यात के बारे में विश्वास के साथ कहना सम्भव नहीं है ।

कपड़ा मिलों में बिना बिका कपड़ा

1641. **श्री प्र० चं० बरुआ :** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कपड़ा मिलों के पास बिना बिका कपड़ा काफी बड़ी मात्रा में जमा हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मात्रा क्या है और कपड़ा जमा होने के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) और (ख). जी नहीं । अनबिका चालू स्टाक मिलों में एक पखवारे में तैयार होने वाले कपड़े के औसत परिमाण से कुछ ही अधिक है ।

राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की कोयला खानें

1642. **श्री रामपुरे :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के अधीन कोयला खानों में प्रति वर्ष 180 लाख मीट्रिक टन कोयला निकलने की अनुमानित क्षमता के विपरीत केवल 80 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन हो रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) और (ख). निगम की खानों से इस समय उत्पादन का स्तर प्रति वर्ष 8 और 9 मिलियन मीटर टन के बीच है । क्षमता की तुलना में उत्पादन की कमी का विशेष कारण यह है कि कोयले की मांग अनमानित स्तर तक नहीं बढ़ी है ।

गैर-सरकारी क्षेत्र की कोयला खानें

1643. **श्री रामपुरे :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी क्षेत्र के उपक्रम निजी कोयला खानों से कोयला खरीदना पसन्द करते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): (क) और (ख). ऐसा कहना सही नहीं है कि सरकारी उपक्रम में गैर-सरकारी कोयला खानों से कोयला खरीदने को आम तौर पर प्राथमिकता देती है। तथापि इन में से कुछ गैर-सरकारी खानों से कोयला लेती है क्योंकि या तो ऐसा कोयला सरकारी कोयला खानों के पास उपलब्ध नहीं है या उन्हें सरकारी खानों के मकाबले में गैर-सरकारी खानों से कोयला लेना सस्ता पड़ता है ।

केरल में औद्योगिक सहकारी समितियां

1644. श्री पोट्टेकाट्ट :
श्री अ० व० राघवन :

क्या **उद्योग तथा संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार ने औद्योगिक सहकारी समितियों के लिए उनके कार्यकलापों का पुनरीक्षण करने के लिए एक स्थायी समिति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो समिति के सदस्य कौन कौन हैं ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विभुवेन्द्र मिश्र): (क) जी, हां।

(ख) समिति में निम्नलिखित व्यक्ति हैं :—

1. केरल सरकार के उद्योग सचिव —**अध्यक्ष**

सदस्य

2. केरल सरकार के उद्योग तथा वाणिज्य निदेशक
3. केरल सरकार की सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार
4. लघु उद्योग सेवा संस्थान, त्रिचूर के निदेशक
5. केरल स्टेट कोआपरेटिव बैंक लि०, त्रिवेन्द्रम के अध्यक्ष
6. केरल स्टेट कोआपरेटिव यूनियन, त्रिवेन्द्रम् के अध्यक्ष
7. केरल स्टेट हैंडलूम वीवर्स कोआपरेटिव सोसाइटी लि०, त्रिवेन्द्रम के प्रेसीडेंट
8. केरल स्टेट हैंडीक्राफ्ट्स एप्रेक्स कोआपरेटिव सोसाइटी लि०, एरणाकुलम के प्रेसीडेंट
9. एलेप्पी सेंट्रल कायर मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसाइटी लि० नं० 1, एलेप्पी के प्रेसीडेंट
10. केरल खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, त्रिवेन्द्रम के सेक्रेटरी

केरल सरकार के उद्योग तथा वाणिज्य (सहयोग) के उप-निदेशक इस समिति के संयोजक-सचिव होंगे ।

Diesel Locomotive Works, Varanasi

1645. **Shri Bal Krishna Singh** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) the facilities provided to the members of those families whose land was acquired for Diesel Locomotive Works Manduadih-Varanasi in the matter of giving them employment in the said factory;

(b) whether any preference is given to such members of those families as have got the requisite qualifications; and

(c) the number of peons, clerks, technical hands and apprentices separately recruited in the aforesaid factory and the number of the members of displaced families among them ?

The Minister of State in the Ministry of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b). They are not required to get themselves registered with the Employment Exchange. The Administration arranges this for them. All the land losers who applied were called for suitability tests for various posts. Those found suitable were offered employment.

(c) Information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

तेज रेल गाड़ियां

1646. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेज रेल गाड़ियां चालू करने के प्रश्न की जांच करने के लिए एक जांच-पड़ताल यूनिट स्थापित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाम नाथ): (क) जी हां ।

(ख) रेलवे बोर्ड के अनुसंधान, खाका और मानक संगठन को कहा गया है कि वह एक यूनिट बनाये और इस मामले की जांच करे ।

Production of Aluminium

1647. **Shri Madhu Limaye:**
Shri Kishan Pattnayak :

Will the Minister of **Steel and Mines** be pleased to state :

(a) whether government have received any reports or complaints about the acute shortage of (i) aluminium commercial grade and (ii) alimunium, E. C. Grade;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) its impact on Engineering Machine Building, Automobile and Defence Industries ?

The Minister of Steel and Mines (Shri Sanjiva Reddy): (a) to (c). Due to the increasing demand for aluminium there has been some difficulty in meeting all these requirements in full. There has however been no significant dislocation in production in the Engineering Machine Building Automobile and Defence Industries.

सभा-पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत जी० एस० आर० 341 और हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची का वार्षिक प्रतिवेदन ।

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी): मैं निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(1) खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उपधारा (1) के अन्तर्गत दिनांक 6 मार्च, 1965 की जी० एस० आर०

341 की एक प्रति ।

[सभा-पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०--4066/65]

(2) (क) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उप-धारा (1) के अन्तर्गत हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची, की वर्ष 1963-64 की वार्षिक रिपोर्ट, परीक्षित लेखे तथा उन पर, नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों की एक प्रति ।

(ख) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[सभा पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 4067/65]

(रेलवे सुरक्षा दल (दुसरा संशोधन) नियम, 1965

रेलवे मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : मैं रेलवे सुरक्षा दल, अधिनियम 1957 की धारा 21 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत, रेलवे सुरक्षा बल (दूसरा संशोधन) नियम, 1964 की एक प्रति जो दिनांक 7, नवम्बर, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1593 में प्रकाशित हुई थी और जिस दिनांक 9 जनवरी, 1965 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 73 द्वारा शुद्ध किया गया था की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं ।

[सभा पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 4068/65]

हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड, उदकमण्डलम का वार्षिक प्रतिवेदन और सरकार द्वारा उसकी समीक्षा

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग तथा उद्योग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह): मैं निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उप-धारा (1) के अन्तर्गत हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड, उदकमण्डलम, की वर्ष 1963-64 की वार्षिक रिपोर्ट, परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महा-लेखापरीक्षक की टिप्पणियों की एक प्रति ।

(2) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[सभा-पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 4069/65]

रबड़ (चौथा संशोधन) नियम, 1964 और कहवा (काफी) बोर्ड कर्मचारी पेंशन विधि नियम, 1965

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) रबड़ अधिनियम, 1947 की धारा 25 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 9 जनवरी, 1965 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 65 में प्रकाशित,

रबड़ (चौथा संशोधन) नियम, 1964 की एक प्रति ।

[सभा पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी० 4070/65]

(2) कहवा (काफी) अधिनियम, 1942 की धारा 48 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 6 मार्च, 1965 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 337 में प्रकाशित, कहवा काफी बोर्ड कर्मचारी पेंशन निधि नियम, 1965 की एक प्रति ।

[सभा पटल पर रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०–4071/65]

राज्य सभा से सन्देश

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

सचिव : श्रीमन्, मुझे राज्य सभा के सचिव से प्राप्त निम्नलिखित सूचना देनी है

"(1) राज्य सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 186 के उपनियम (6) के उपबन्धों के अनुसरण में, मुझे विनियोग (रेलवे) विधेयक, 1965, जिसे लोक सभा ने अपनी 15 मार्च, 1965 की बैठक में पारित किया था और राज्य सभा को उसकी सिफारिशों के लिये भेजा था, को वापिस करने का निदेश मिला है और इस विधेयक के बारे में राज्य सभा को लोक सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है ।"

(2) राज्य सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम, 186 के उपनियम (6) के उपबन्धों के अनुसरण में, मुझे विनियोग (रेलवे) संख्या 2 विधेयक, 1965, जिसे लोक सभा ने अपनी 25 मार्च, 1965 की बैठक में पारित किया था और राज्य सभा को उसकी सिफारिशों के लिए भेजा था, को वापिस करने का निदेश मिला है और इस विधेयक के बारे में राज्य सभा को लोक सभा से कोई सिफारिश नहीं करनी है ।"

प्राक्कलन समिति

ESTIMATES COMMITTE

छियासठवां प्रतिवेदन

श्री अ० चं० गुह (बारसाट) : मैं श्रम और रोजगार मंत्रालय—कलकत्ता, मद्रास और बम्बई के गोदी श्रमिक बोर्डों—के बारे में प्राक्कलन समिति का छियासठवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

सभा का कार्य

BUSINESS OF THE HOUSE

संचार तथा संसद्-कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : आपकी अनुमति से, मैं यह बताना चाहता हूं कि 29 मार्च, 1965 से आरम्भ होने वाले सप्ताह में इस सभा का

सरकारी कार्य निम्न मंत्रालयों विभागों की अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान होगा:—

सामाजिक सुरक्षा ।

रक्षा ।

संचार ।

वैदेशिक-कार्य ।

असनिक-उड्डयन ।

वाणिज्य ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मुझे चार निवेदन करने हैं । जब केरल के सम्बन्ध में विषय उस सभा में उठाया गया तथा या तो सभी सहमत थे कि यह बहुत ही गंभीर विषय है। और जहां तक मैं समझता हूं आप भी सहमत हैं कि इस विषय पर यथा-सम्भव-शीघ्र चर्चा होनी चाहिये । परन्तु अनुदानों की मांगों के कारण, शायद इसके लिये शीघ्र ही कोई समय न मिले । मेरा सुझाव यह है कि इस विषय से न्याय करने के लिये, इस विषय पर यथा-शीघ्र चर्चा होनी चाहिये । और इसको उचित महत्व देने के लिए, सामान्य समय के उपरान्त, इसके लिये रात की बैठक होनी चाहिये ।

भाषा की समस्या के सम्बन्ध में सरकार के निर्णय के बारे में बहुत ही गलत धारणा फैली हुई है । सरकार को यह स्पष्ट कर देना चाहिये कि वह इस सत्र में संशोधनकारी विधेयक पुरःस्थापित करेगी कि नहीं ।

तीसरे, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि आपने दोनों सभाओं की अनुदानों की मांगों की जांच करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की थी ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने उस समिति का गठन कर दिया है और उन्होंने प्राक्कलन की जांच भी कर ली है ।

श्री हरि विष्णु कामत : यदि विषय विचाराधीन है तो उस समिति में एक विरोधी सदस्य भी सम्मिलित किया जाय ।

अध्यक्ष महोदय: अगले वर्ष के प्राक्कलन की जांच होगी, तो मैं इस पर विचार करूंगा ।

श्री हरि विष्णु कामत : अब अप्रैल का महीना समाप्त हो रहा है, इसलिये माननीय मंत्री से यह प्रार्थना है कि वह स्पष्ट रूप से बता दें कि सत्र कब समाप्त होगा, यदि उसको बढ़ाया जायेगा तो कितना बढ़ाया जायेगा, जिससे कि हम अपना कार्यक्रम निश्चित कर सकें ।

श्री वारियर (त्रिचूर) : जब केरल के बजट की अनुदानों की मांगें यहां प्रस्तुत की गई थीं तो उद्घोषणा जारी नहीं की गई थी । परन्तु क्योंकि अब वहां विधान मंडल नहीं रहा जो बजट पर विस्तारपूर्वक चर्चा करे, इसलिये मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि केरल के बजट पर चच कि लिए और समय मिलना चाहिये ।

Shri Kishen Pattnayak (Sambalpur) : We have received the list regarding the time allotted by you for discussion on grants. If we want to speak on every ministry that our party gets only six minutes. We want only this much concession that we may be able to express our opinion about every ministry. Therefore, the proportion of time between the opposition and congress should be made 50:50 instead of 40:60.

Shri Hukum Chand Kachhavaiya (Dewas) : I want to know when will the Bonus Commission report be presented in the House.

Shri Sheo Narayan (Bansi) : All the Members of the House have equal rights. But some of the members are getting 30 to 45 minutes while others are getting only 5 minutes. I oppose Shri Pattnayak's suggestion that the proportion of time between opposition and Congress should be 50:50.

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Congress got only 45 per cent votes. Had there been a system of proportional representation then what would have been the position? Time should be allotted according to this procedure.

श्री सत्यनारायण सिंह: कुछ विषय जो यहां उठाये गये हैं, उनका मुझ से अधिक आपसे सम्बन्ध है ।

अध्यक्ष महोदय: एक ही ऐसी चीज है जिसका मुझसे सम्बन्ध है । उसका मैंने उत्तर दे दिया है और दे दूंगा ।

श्री सत्यनारायण सिंह: केरल के ऊपर चर्चा करने के सम्बन्ध में हमारी कठिनाई यह है कि अन्त में हमें कई मांगों को बिना चर्चा के पारित करना पड़ेगा । यदि किसी ऐसी चर्चा पर और समय लग गया तो कुछ और मांगों को बिना चर्चा के पारित करना पड़ेगा ।

श्री हरि विष्णु कामत : केरल पर चर्चा के लिये क्यों न रात को बैठक बुलाई जाय ?

अध्यक्ष महोदय : इस देश में मैं रात को बैठक नहीं बुला सकता ।

श्री हरि विष्णु कामत : पूरे वर्ष में केवल एक रात को ।

अध्यक्ष महोदय : जी नहीं ।

श्री हरि विष्णु कामत : इसे सभा के समक्ष रखा जाय । मुझे आशा है कि यह स्वीकार हो जायगा ।

श्री सत्यनारायण सिंह : जहां तक सत्र की अवधि बढ़ाने का सम्बन्ध है । इसमें सन्देह नहीं कि यह बढ़ाया जायगा । परन्तु यह कितना बढ़ाया जायेगा, मैं बाद में ही बता सकूंगा ।

श्री हरि विष्णु कामत : अब आप भाषा विधेयक के सम्बन्ध में बताइये ।

श्री सत्यनारायण सिंह: अभी विषय विचाराधीन है, अभी हमने कोई निर्णय नहीं किया है । जैसे ही कोई निर्णय लिया जायेगा, एक विधेयक सभा में प्रस्तुत किया जायेगा ।

Shri K. D. Malaviya (Basti) : I want to say two things. Firstly, the discussion on Kerala should take palce; lack of time should'nt be the reason for not holding the discussion. Secondly, when some of the Demands have to be guillotined then why not take them up according to their importance. Necessary changes should be made in the list of business accordingly.

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : श्री कामत का रात की बैठक का सुझाव विचार-योग्य है ।

अध्यक्ष महोदय : मैं इससे सहमत नहीं हू ।

श्री रंगा (चित्तूर) : संसद्-कार्य मंत्री ने बताया कि भाषा के सम्बन्ध में विधेयक कुछ समय के पश्चात् पुरःस्थापित किया जायगा । परन्तु इसके पश्चात् उनको कुछ सन्देह हुआ और वह घबरा गये । मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रकार सन्देह प्रकट करके वह फिर गड़बड़ी पैदा कर देंगे ।

समितियों के लिये निर्वाचन
ELECTION TO COMMITTEES

काफी बोर्ड

वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि कहवा (काफी) अधिनियम, 1962 की धारा 4 की उप-धारा (2) (ख) के अनुसरण में लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से, जैसा अध्यक्ष निदेश दें, कहवा (काफी) बोर्ड के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य चुनें ।"

श्री रंगा (चित्तूर) : यह अफवाह है कि इन सब बोर्डों को समाप्त करके उनका कार्य भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् को सौंप दिया जायेगा । हम यह जानना चाहते हैं कि इस बात में कहां तक सचाई है ? समय समय तर पण्य बोर्डों की स्थापना के लिये इस सभा और पिछली सभाओं का सहयोग लिया जाता था ।

हमें हैरानी है कि इन बोर्डों को समाप्त कर भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् को सौंप देने का प्रस्ताव क्यों आया है । मैं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की निन्दा तो नहीं करना चाहता, परन्तु इसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि इसकी सामान्य परिषद् की वर्ष में एक बार बैठक होती है और आधे दिन में सम्पूर्ण कार्य सम्पादन हो जाता है । यह मान लिया जाता है कि सदस्यों ने सारे कागजात पढ़ लिये हैं । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय काफी बोर्ड के भविष्य के बारे में स्पष्ट वक्तव्य दें ।

अध्यक्ष महोदयः यहां प्रश्न निर्वाचनों का है न कि उन्हें समाप्त कर देने का ।

श्री रंगाः यदि उन्हें समाप्त ही कर देना है तो निर्वाचनों का पाखण्ड ही क्यों किया जाय ।

अध्यक्ष महोदयः यह परिनियत बोर्ड है । केवल संसद् ही इसे समाप्त कर सकती है ।

श्री अ० प्र० जैन (तुमकुर) : पण्य समितियों ने बहुत कुशलतापूर्वक कार्य किया है और यह सिद्धान्त का विषय है कि जब संसद् का सत्र चल रहा हो, तो यह उचित होगा यदि मंत्री महोदय ऐसा आमूल कदम उठाने से पहले संसद् का परामर्श ले लें।

श्री हरि विष्णु कामत : मैं आपका और सभा का प्रस्ताव इस विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। जो प्रस्ताव हिन्दी में है वह "काफी बोर्ड" के स्थान पर "कहवा बोर्ड" लिखा है। मुझे इस मिली जुली हिन्दी के विरुद्ध आपत्ति है।

अध्यक्ष महोदय: हमें भाषा के अनुवाद पर यहां नुक्ता चीनी नहीं करनी चाहिये। प्रश्न यह है :

"कि कहवा (काफी) अधिनियम, 1942 की धारा 4 की उपधारा (2) (ग) के अनुसरण में लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से, जैसा अध्यक्ष निदेश दें, कहवा (काफी) बोर्ड के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से दो सदस्य चुनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

केन्द्रीय रेशम बोर्ड

श्री सें० वें० रामस्वामी: मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 की धारा 4 की उप-धारा (3) (ग) के अनुसरण में लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से, जैसे अध्यक्ष निदेश दें, केन्द्रीय रेशम बोर्ड की 3 मई, 1965 से आरम्भ होने वाली आगामी कार्यावधि के लिए उस के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से चार सदस्य चुनें।"

अध्यक्ष महोदय: प्रश्न यह है :

"कि केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 की धारा 4 की उप-धारा (3) (ग) के अनुसरण में लोक-सभा के सदस्य ऐसी रीति से, जैसे अध्यक्ष निदेश दें, केन्द्रीय रेशम बोर्ड की 3 मई, 1965 से आरम्भ होने वाली आगामी कार्यावधि के लिए उस के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से चार सदस्य चुनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : यदि श्री कामत को हिन्दी में किसी चीज पर आपत्ति है तो वह इसे अंग्रेजी में पढ़ सकते हैं।

श्री हरि विष्णु कामत : मुझे हिन्दी के प्रयोग के विरुद्ध कोई आपत्ति नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : अभी हमने आरम्भ किया है। यदि हम त्रुटियां करेंगे तो उनसे लाभ भी उठायेंगे ।

श्री ही० ना० मुकर्जी : क्या हिन्दी भाषी काफी के लिए कहवा शब्द प्रयोग करते हैं ?

Shri Kishan Pattnayak : Not only in India but in foreign countries also Coffee is called 'Kahwa'.

अध्यक्ष महोदय: विधि मंत्रालय ने किसी विधेयक में इस शब्द का प्रयोग किया है और हमने उसे वहीं से लिया है ।

केरल आय-व्ययक सामान्य-चर्चा

लेखानुदानों की मांगें (केरल) 1965–66

अनुदानों की अनुपूरक मांगें (केरल) 1964–65—जारी

KERALA BUDGET—GENERAL DISCUSSION

Demands for Grants on Account (Kerala), 1965-66

Demands for Supplementary Grants (Kerala); 1964-65—*contd.*

अध्यक्ष महोदय: श्री कपूर सिंह अपना व्यवस्था का प्रश्न उठा सकते हैं। उनको प्राथमिकता की दी जायेगी क्योंकि उन्होंने मुझे सवेरे उस सम्बन्ध में लिखा था ।

श्री कपूर सिंह: अध्यक्ष महोदय, मैं लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमों के नियम 376 के अन्तर्गत, इस सभा में इस बजट के उपस्थापन तथा चर्चा के सम्बन्ध में एक व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहता हूं । संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति ने 10 सितम्बर, 1964 की उद्घोषणा से केरल में राष्ट्रपति का शासन लागू कर राज्य विधान मंडल का विघटन कर दिया है । सामान्यत: राज्य विधान मंडल ही बजट के अनुमोदन के लिए जिम्मेवार है; और आपात उपबन्धों के अधीन जब राज्य सरकार नहीं रहती तो केन्द्रीय सरकार हस्तक्षेप कर सकती है । 10 सितम्बर, 1964 के पश्चात् सरकार को यह अधिकार प्राप्त हुआ कि वह राज्य सरकार का खर्चा चलाने के लिये आवश्यक राशि विनियोजित करे । जो केरल का बजट अब सभा के सामने है वो 10 सितम्बर, 1964 की उद्घोषणा के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया था जो कि 24 मार्च, 1965 को रद्द कर दिया गया था । इसके तत्पश्चात् अधिकार वापिस राज्य सरकार के पास आ जाते हैं । तथापि, राज्य विधान मंडल का फिर विघटन कर दिया गया है । अब जो बजट सभा के सामने है, वह पुरानी उद्घोषणा के अन्तर्गत है । ज्यों ही 10 सितम्बर,, 1964 की उद्घोषणा रद्द हुई, त्योंही संसद् में लम्बित विधेयक अपने आप व्यपगत हो जाते हैं । अत: जिस बजट पर हम चर्चा कर रहे हैं वो पहले ही व्यपगत हो चुका है । मैं इस व्यवस्था के प्रश्न पर आपका निर्णय चाहता हूं ।

श्री हरि विष्णु कामत : जो श्री कपूर सिंह ने कहा है, उसके साथ मैं कुछ और जोड़ना चाहता हूं । केरल राज्य का विधान मंडल के बुलाने जाने से पूर्व ही विघटित कर दिया गया है । राष्ट्रपति की विघटन उद्घोषणा तभी जारी की जा सकती है जब कोई विधान मंडल

का कोई अस्तित्व हो। अतः मेरे विचार में राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वाहन करते हुए उप-राष्ट्रपति की उद्घोषणा जिससे केरल राज्य विधान मंडल का विघटन किया गया था विधि-मान्य नहीं है। अतः न तो पहली उद्घोषणा जो रद्द की जा चुकी है और न ही दूसरी उद्-घोषणा के अन्तर्गत केरल बजट पर इस सभा में चर्चा हो सकती है।

अध्यक्ष महोदय : क्या मंत्री महोदय उत्तर देना चाहते हैं।

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : केरल विधान मंडल जिसका हाल ही के 4 मार्च के चुनावों के उपरान्त गठन हुआ था, का विघटन....

श्री हरि विष्णु कामत : हमें उसके गठन का दिनांक बताइये।

श्री नाथ पाई (राजपुर) : उपमंत्री महोदय को पता है कि विधान मंडल का गठन तब होता है, जब सदस्य शपथ लेते हैं और राज्यपाल अभिभाषण देते हैं।

श्री जगन्नाथ राव : 4 मार्च को केरल के विधान मंडल के लिए चुनाव हुए। सदस्य चुने गये, परन्तु इसे औपचारिक रूप से बुलाया नहीं गया। मेरे विचार में विधान मंडल का गठन पूर्ण हो गया था जब निर्वाचन पूरे हो गये और विधि के अनुसार निर्वाचन आयोग ने अधिसूचनायें जारी कर दी। परन्तु इससे पहले कि विधान मंडल का संयोजन होता, राष्ट्रपति ने, किसी कारणवश, उद्घाषणा जारी कर दी। अतः केरल बजट पर चर्चा अनियमित नहीं है।

श्री हो० ना० मुकर्जी (कलकत्ता-मध्य) : मेरा निवेदन यह है कि विधान मंडल के गठन के लिये यह आवश्यक है कि चुनावों के उपरान्त, विधान मंडल की एक बैठक बुलाइ जाती है जिसमें सम्बद्ध सदस्यों को शपथ लेनी पड़ती है। जब तक कोई सदस्य शपथ नहीं लेता तब तक वह पूर्णरूप से सदस्य नहीं बनता। यदि सरकार यह सोचती है कि अधिसूचना जारी करने से ही विधान मंडल का गठन हो गया तो यह बिल्कुल गलत है।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Mr. Speaker, I want to throw some light on it. I drew your attention to various articles of the Constitution such as articles 172, 174 and article 176. Now I want to submit that in these articles the word "convene' or "constitute" has nowhere been used.

I also want to draw your attention to Representation of Peoples set according to which Election Comission publishes the names of elected condidetes in the Gazette notification. The publication of names itself in the Gazettes. It hink tantamounts to constitution of the assembly. In the constitution it is nowhere mentioned that after the constitution of the assembly, it can be assumed that its importance is lost. So this matter should be debated here. You have asked me to go to the Supreme Court. But how can I go where it does not involve the question of Fundamental Right or of the original jurisdiction of the court. When there is murder of the 'democratic rights' what is the remedy left to me? I, therefore, want you to give enough time for it and even necessary, a special Session of the House may be convened for it. You may decide about it after Consultation with the ministers. The members may be given full opportunity to discuss it.

Shri Bade (Khargaon) : There are two points of order in it. One of them has been referred by Shri Kapur Singh when he has asked that after the constitution of the Assembly in Kerala, how this House can discuss the Supplementary Demands for Grants of that State. The other point has been raised

[Shri Bade]

by Shri Madhu Limaye that the Assembly is deemed to be constituted after the names have been published in the Gazette. Shri Kapur Singh has pleaded that Supplementary grants cannot be brought here unless the Budget of Kerala is presented. Therefore, the new Budget should be first presented.

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी (बरहामपुर) : केवल प्रश्न यह रह जाता है कि हम कौनसे बजट पर चर्चा कर रहे हैं। एक बजट तो पहले प्रस्तुत किया गया था जब कि राष्ट्रपति की उद्घोषणा लागू थी अथवा नया बजट ।

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला): दो बातों में स्पष्ट भेद है—एक तो राज्य विधान सभा का "गठन" (कान्स्टीट्यूशन) होने में तथा उस 'सभा के बुलाने" (कनवीन) में। बहुत से अनुच्छेदों का उल्लेख किया है। जैसे अनुच्छेद 174 कि राज्यपाल को संविधान सभा के सम्मुख भाषण देना चाहिये आदि आदि। उसका अर्थ तो "सभा को बुलाने" से है। परन्तु अनुच्छेद 356 इन से सर्वोपरि है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 74 के अनुसार जैसे ही निर्वाचित सदस्यों के नाम गजट में प्रकाशित कर दिये जाते हैं, सभा का गठन हो जाता है । इस लिये ऐसी बात नहीं है कि किसी ऐसी चीज़ को भंग कर दिया गया हो जो थी ही नहीं। सभा का गठन हो चुका था। केवल इतना हुआ है कि सभा को बुलाने से पहले राष्ट्रपति इसके बीच में आ गये और उन्होंने अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत उद्घोषणा कर दी ।

रही दूसरी बात कि क्योंकि पुरानी उद्घोषणा समाप्त कर दी है, इसलिये यह बजट मान्य नहीं है। यह बात ठीक नहीं है। इसका अर्थ तो यह होगा कि पुराने उद्घोषणा के अन्तर्गत जो हुआ वह सब समाप्त समझा जावे। फिर उन कानूनों का क्या होगा जो पुराने उद्घोषणा के अन्तर्गत पास हो चुके हैं। इसलिये यह बजट भी नियमानुसार है। अब हमें जो कुछ करना है वह नये उद्घोषणा के अन्तर्गत करना है ।

श्री वारियर (त्रिचूर) : एक बात मैं भी कह दूं। हम भी एक सलाहकार समिति के सदस्य थे जिसका सम्बन्ध केरल से था। हमें बताया गया है कि अब क्योंकि नयी उद्घोषणा लागू हो गई है, वह सलाहकार समिति भी समाप्त हो गई। इसका अर्थ यह हुआ कि पुरानी सब चीजें समाप्त हो गईं ।

अध्यक्ष महोदय : दो बातें उठाई गई हैं। एक तो श्री कपूर सिंह ने कि क्योंकि पुरानी उद्घोषणा के स्थान पर नयी उद्घोषणा लागू हो गई है, इस लिये पुराना बजट भी समाप्त हो गया और उसके स्थान पर नया बजट नई उद्घोषणा के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जावे। दूसरी बात जो उठाई गई है वह यह है कि क्योंकि विधान सभा की रचना ही नहीं हुई, इसलिये उसके भंग करने का प्रश्न ही नहीं उठता। जहां तक सभा की रचना का सम्बन्ध है, उसका उत्तर श्री मधु लिमये ने तथा शिक्षा मंत्री ने दे दिया है कि निर्वाचन के पश्चात् जब गजट में नाम छाप दिये जावें, तो समझो कि सभा की रचना हो गई। यह बात स्पष्ट है।

दूसरी बात जो उठाई गई है वह यह है कि बजट पुरानी उद्घोषणा के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया था और नई उद्घोषणा के जारी होने से सारी चीजें समाप्त हो गई। यह बात तब

तो ठीक थी यदि बजट केरल की विधान सभा के सामने होता। परन्तु क्योंकि हमारे सदन को भंग नहीं किया गया है, इसलिये वह पुराना बजट भी समाप्त नहीं हुआ। इसलिये हमें यहां रुकना नहीं चाहिये।

तीसरी बात श्री मधु लिमये ने उठाई है कि मैं अपना निर्णय कानूनी परामर्श के बाद दूं कि संविधान का उल्लंघन हुआ है अथवा नहीं। मैंने उन्हें उस दिन भी बताया था कि यह कार्य लोक सभा के अध्यक्ष का नहीं है। यदि संविधान का उल्लंघन हुआ है तो कोई भी नागरिक उच्चतम न्यायालय में जाकर इसके विरुद्ध कार्यवाही करवा सकता है। यह कार्य श्री मधु लिमये भी कर सकते हैं।

Mr. Madhu Limaye : Please hear me for a second.

Mr. Speaker : Nothing now, Shri Kappen to speak.

श्री केप्पन (मनातुपुजा) : मैं सदस्यों का आभारी हूं कि केरल की बहस में वे इतनी रुचि ले रहे हैं। मैं अब सदन के सम्मुख वहां की वास्तविक समस्या रखना चाहता हूं और इनका इलाज भी बताऊंगा।

(**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Deputy Speaker in the Chair)

केरल भारत का सब से छोटा राज्य है जिसका क्षेत्र सारे भारत के क्षेत्र का 1.2 प्रतिशत है तथा जहां की जनसंख्या भारत की जनसंख्या का 3.8 प्रतिशत भाग है। इतनी जनसंख्या का वहां के आर्थिक ढांचे पर भी प्रभाव पड़ता है। इसी के कारण वहां इतनी बेकारी है कि सदन को उसका अनुमान भी नहीं है। वहां की जनसंख्या का 4.2 प्रतिशत भाग बेकार है। सारे भारत में यह अनुपात .58 प्रतिशत है। हर अर्थ व्यवस्था में कुछ विशेष बातें होती हैं। केरल में नकदी-फसल के लिए उपयुक्त जलवायु है।

पहली पंचवर्षीय योजना में केरल में प्रति व्यक्ति खर्च केवल 34 रुपये था, जब कि सारे भारत में 55 रुपये था। दूसरी योजना में केरल में प्रति व्यक्ति व्यय 64 रुपये था जब कि सारे भारत में यह 118 रुपये था। 1951–61 तक प्रति व्यक्ति आय 234 रुपये से बढ़ कर 240 रुपये प्रति व्यक्ति हो गई, जब कि सारे भारत में इस से अधिक हुई। करों के कारण मध्यम तथा छोटे वर्ग के लोगों की कमर टूट गई है।

यदि आप मुझे दस वर्ष के लिये 500 करोड़ रुपया दें तो मैं केरल की सारी अर्थव्यवस्था सुधार दूं। वहां प्रति वर्ष 50,000 छात्र तथा छात्रायें मैट्रिक पास करके निकलते हैं तथा बहुत से स्नातक हो के निकलते हैं, परन्तु उनके लिय रोज़गार के साधन नहीं हैं और इस प्रकार वे राजनीतिज्ञों के झांसों में आ जाते हैं। पढ़े लिखे व्यक्ति बहुत दिन ऐसी बात नहीं सहन कर सकते।

[श्री केप्पन]

एक तरीका जिससे वहां कार्य ठीक हो सकता है। वह है वहां उद्योगीकरण करना यही एक मात्र इलाज है। वहां रोज़गार नहीं है। आप उन्हें काम दें तो देखेंगे कि वहां के सारे रोग दूर हो जावेंगे। जहां तक खनिज पदार्थों का सम्बन्ध है, केरल दूसरे राज्यों से अच्छा है।

जहां तक कृषि का सम्बन्ध हैं वह यहां रुकावट है कि सड़कों आदि की कमी है। इस लिये कोचीन बन्दरगाह तक रेल की पटरी बिछाई जावे तथा यातायात के और साधन सुधारे जावें।

सारे भारत की 30 प्रतिशत मछलियां केरल में पैदा होती हैं। इस लिये इस कार्य पर भी कुछ रुपया खर्च किया जावे। वहां की सब से मुख्य नकद फसल रबड़ है। 1957-58 में सारे भारत में 25,000 टन रबड़ पैदा हुई, उसमें से 22,000 टन तो केवल केरल में पैदा हुई। रबड़ के मूल्य 100 रुपया प्रति किलोग्राम बढ़ायें जावें क्योंकि चावल आदि अन्य वस्तुओं के मूल्य बढ़ गये हैं।

Dr. Ram Manohar Lohia (Farrukhabad) : Just now, Shri Keppan was speaking about the economic condition of Kerala. I want to make it clear that the economic condition of Bihar and Orissa is still worse. Hence this is a joint problem.

Sometimes it is said that the present Government is worse than the previous one. I will say that it is difinitely worse but most of its problems are the creation of old Government.

Now, there is President's Rule in Kerala. But in fact this is the rule of the Central Party of the Congress which has been introduced from the backdoor.

They have put behind the bars those who were returned to the Kerala Legislature in majority. Sometimes they are dubbed as "traitors". But you have not proved even about a single person that he actively sided with the Chinese when they attacked our country and tried to overthrow this government. Hence, all these things are worthless.

Therefore, I want to say that what has happened in Kerala is a grave murder of Constitution and Democracy. Whether a responsible government can function there or not is to be decided by the representatives of the people or by the Governor ? After the elections are over the President or the Governor has got no right and they should call the party which has obtained the maximum seats in the Legislature. They could have been told frankly that by a certain day, say 5 days or 3 days, there will be called a meeting of Legislature and if they fail in it, the Legislature will be dissolved.

Yesterday, when I mentioned about pistol, some members were laughing. I want to tell them that even in 1942 I did not advocate the killing of Britishers. I only advocated derailment of train which carried war material. So, I do not want that you should be killed although I am very impatient and you are putting an end to Democracy. But you are forcing people to go the wrong way.

If China can be compared to a lion who is swallowing our territory, then this government is to be compared to a jackal and the left faction of Communist party can be compared to a crow who will bite it with beak.

You permit the Chinese Premier to fly over our territory and are maintaining diplomatic relations with China, then why do you blame these left Communists. I do not like the activities of the left Communists. I want you to solve the problem of their food.

Congress party has become an amalgamation of all contradictory ideologies. This is going against the interest of India.

श्री पोट्टेकाट्ट (टेलीचेरी) : उपाध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से यह सरकार केरल की समस्या को निपटा रही है, इससे प्रत्यक ईमानदार व्यक्ति को चिन्ता हो रही है। निर्वाचन से कुछ दिन पूर्व इस ने वाम पंथी साम्यवादियों के सारे नेताओं को बन्दी बना दिया। परन्तु वहां की जनता ने कांग्रेस को हरा कर यह सिद्ध कर दिया कि उनका कांग्रेस में विश्वास नहीं है।

कहते हैं कि कांग्रेस दल वहां केरल के विरोधी कांग्रसियों के साथ मिल कर सरकार बनाना चाहती थी, परन्तु कांग्रेस अध्यक्ष इसके लिये तैयार नहीं हुए।

राज्यपाल को भी संविधान के विरुद्ध जाने का अधिकार नहीं है।

केरल के साथ केन्द्रीय सरकार ने सदा उपेक्षा का व्यवहार किया है। वहां कभी भी बड़े उद्योग स्थापित नहीं किये और आज भी वह देश का पिछड़ा क्षेत्र है। प्रत्येक वर्ष वहां की भूमि को समुद्र खा जाता है। इसका निवारण राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिये।

बेकारी वहां बहुत है और हजारों व्यक्ति जो पढ़े लिखे हैं वे बेरोजगार हैं। बहुत से व्यक्ति पोलिस की रिपोर्ट के कारण नौकरियों में नहीं लिये जाते। यह बहुत गम्भीर मामला है।

वहां बहुत से उद्योग बिजली न मिलने के कारण बन्द हो गये हैं।

मूल्य रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। सरकार ने इस ओर क्या किया है?

मैं इन मांगों का विरोध करता हूं।

श्री प० गो० मेनन (मुकन्दपुरम) : जो कुछ केरल में हुआ है उस से मुझे, प्रधान मंत्री तथा गृह-कार्य मंत्री को बड़ा दुःख हुआ है परन्तु उनके लिये इसके अतिरिक्त कोई चारा नहीं था।

बहुत से सदस्यों ने कहा है कि निर्वाचन के पश्चात जिस दल के सदस्य अधिक निर्वाचित हुए, उन्हें सरकार बनाने की अनुमति मिलनी चाहिये थी। परन्तु मैं यह बताना चाहता हूं कि हम सरकार बनाने के मामले में ईगलैंड का अनुसरण कर रहे हैं। वहां भी यदि किसी दल का स्पष्ट बहुमत हो, तब तो कोई झगड़ा ही नहीं। परन्तु यदि वहां किसी एक दल का बहुमत न हो तो वहां भी बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। यही हाल यहां केरल में हुआ जहां किसी भी एक दल को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ। अधिकतर दलों ने तो वहां वाम पक्ष के

[श्री पं० गो० मेनन]

साम्यवादियों को साथ देने से इन्कार कर दिया। जहां तक कांग्रेस का सम्बन्ध है, उसने स्पष्ट कर दिया कि वे सरकार बनाना नहीं चाहते क्योंकि वे उचित बहुमत प्राप्त नहीं कर सके हैं। सारे दलों ने निर्वाचन से पूर्व ही कह दिया था कि इनका उद्देश्य तो कांग्रेस को हराना है। देखा जावे तो यह कोई ठीक बात नहीं थी।

साथ ही यह भी है कि राष्ट्रपतिका वहां शासन कोई पहली बार नहीं हुआ है। यह तो सितम्बर 1964 में भी हुआ था जब कांग्रेस के मंत्रिमंडल की हार हुई। उस समय तो किसी ने भी आपत्ति नहीं उठाई। वहां राज्यपाल ने एक एक करके सब दलों के नेताओं को बुलाया परन्तु उनमें से सब ने यही कहा कि वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं।

इस सम्बन्ध में मैं ब्रिटिश संविधान पर जेनिंग की पुस्तक 'कैबिनेट गवर्नमेंट'' से निर्देश कर दूं। ऐसी स्थिति का, जिसमें कोई भी दल बहुसंख्या प्राप्त नहीं कर सका हो, उल्लेख करते हुए वह कहते हैं कि ऐसी हालत में ब्रिटेन के सम्राट के पास तीन सम्भावनायें हैं। पहली यह कि संयुक्त मंत्रिमण्डल बनाया जाये। दूसरी यह कि यथाशीघ्र साध्य विधान मंडल को भंग करने के अभिप्राय से अल्पसंख्यक वर्ग को सरकार बनाने दी जाये। तीसरी सम्भावना यह है कि एक ऐसे दल को अल्पसंख्यक सरकार बनाने दी जाये जो बहुसंख्यक न होते हुए भी अपने आप को कार्यालय में बनाये रख सकता हो। केरल के बारे में पहली और तीसरी सम्भावनायें नहीं हैं क्योंकि कोई भी दल बहुसंख्या प्राप्त नहीं कर सका और किसी भी दल को अन्य वर्गों का समर्थन प्राप्त नहीं है। यदि ऐसी स्थिति ब्रिटेन में अथवा यहां केन्द्र में पैदा होती, तो राज्यधिपति ने दलों के नेताओं में से किसी एक को सरकार बनाने के लिये कहा होता ताकि विधान मण्डल को भंग किया जा सके और पुनः निर्वाचन कराये जा सकें। परन्तु राज्यों के बारे में हमारे संविधान में ऐसी व्यवस्था नहीं है। परन्तु यदि राज्यपाल ने अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत विभिन्न नेताओं में से किसी एक को सरकार बनाने के लिये कहा भी होता, तो . . . . . .

श्री खाडिलकर (खेड) : क्या राज्यपाल अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत निमंत्रण देने, सरकार बनाने और सलाह लेने के अधिकार से वंचित है ?

श्री प० गो० मेनन : राज्यपाल यही तो कर सकता था कि साम्यवादी दल अथवा विद्रोही कांग्रेस के नेता को सरकार बनाने के लिये कहता ताकि विधान मंडल को भंग किया जा सके।

परन्तु ऐसा 1953 में त्रावनकोर-कोचीन में किया गया था। उस समय सभी ने विशेष रूप से साम्यवादियों ने इस पर आपत्ति उठायी थी कि भंग करने का अधिकार एक अल्पसंख्यक दल के नेता को नहीं दिया जा सकता। अब केरल में भी यही स्थिति है। अब जो मांग की गई है वह यह है कि विधान मंडल को भंग करने के विशेषाधिकार के प्रयोग के लिये इन विभिन्न गुटों में से किसी एक नेता को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया जाता। मुझे विश्वास है कि गृह-कार्य मंत्री और उनके अन्य साथियों को केरल में राष्ट्रपति का शासन लागू करने के बारे में राष्ट्रपति को सलाह देने का अप्रिय कर्त्तव्य करना पड़ा क्योंकि अन्य कोई विकल्प ही नहीं था। जहां प्रो० रंगा ने केरल में स्विस ढंग अपनाने का सुझाव दिया वहां अन्य सदस्यों ने कहा कि राज्यपाल को विधान मंडल की बैठक बुलानी चाहिये थी और किसी एक नेता की सरकार

बनाने के लिये विश्वास का मत प्राप्त करने के लिये कहना चाहिये था। श्री खाडिलकर ने फ्रांस के संविधान के अनुच्छेद 45 में दी गई प्रक्रिया को अपनाने के लिये सुझाव दिया। जिसमें यह व्यवस्था है कि परिषद के अध्यक्ष तथा मंत्रियों को औपचारिक रूप से तब तक नियुक्त नहीं किया जा सकेगा जब तक परिषद् का अध्यक्ष विश्वास का मत प्राप्त नहीं कर लेगा। यदि सभा का तथा देश का यह मत है . . .

श्री वासुदेवन नायर (अम्बलपुरा) : वहां सदन को मौका ही नहीं दिया गया।

श्री प० गो० मेनन : आप अधीर न होवें। मैं आपकी सभी आपत्तियों का उत्तर दूंगा। यदि यह सभा, भारत में राजनैतिक विचारक और संविधान के ज्ञाता यह समझते हैं कि भारत के संविधान में भी ऐसे उपबन्धों की व्यवस्था की जानी आवश्यक है तो सरकार की निन्दा करने की बजाये ऐसा करने के लिये ठोस सुझाव दिया जाना चाहिये था। सरकार ने जो कुछ किया है वह संविधान के अनुसार किया है। यदि हम संविधान में कोई संशोधन करना चाहिते हैं तो वह एक अलग प्रश्न है जिस पर विचार किया जाना चाहये। श्री मधु लिमये ने संविधान के अनुच्छेद 176 का उल्लेख किया और कहा कि राज्यपाल विधान सभा को बुलाकर कारण बताते जिसके लिये उन्हें बुलाया गया है। परन्तु इस उपबन्ध का यह अर्थ है कि राज्यपाल मंत्रिमण्डल द्वारा तैयार किये गये कार्यक्रम को विधान सभा के समक्ष रखेगा। जब कोई मंत्रि परिषद् ही नहीं थी तो वह कौनसा कार्यक्रम विधान सभा के समक्ष रखते। अतः यह एक विचार करने का प्रश्न है कि भविष्य में क्या ढंग अपनाया जाये। सरकार पर कीचड़ उछालने की बजाये, प्रतिपक्ष वालों को इस स्थिति पर उत्तेजना से रहित ढंग से विचार करना चाहिये और उन्हें कोई ठोस सुझाव देना चाहिये।

दुख की बात है कि भारत को इस राज्य को, जहां साक्षरता सब से अधिक है और जहां के लोग बुद्धिमानी में किसी से पीछे नहीं हैं, ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मुझे बड़ी खुशी होती यदि विरोधी सदस्यों ने केरल की आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते जिसका सामना उसे करना पड़ रहा है। वहां पर बेरोजगारी का बोलबाला है। ऐसी स्थिति केन्द्र के गलत आयोजन के कारण हुई है। माननीय वित्त मंत्री ने कहा कि तीसरी पंचवर्षीय योजना में वहां कई नये उद्योग आरम्भ किये गये हैं। उन में से कुछ उद्योग स्थापित किये गये हैं। केन्द्रीय सरकार ने वहां पर तीसरी योजना में मोटे तौर से 8 करोड़ रुपये लगाये हैं। पहली योजना में सरकारी क्षेत्र में उद्योगों पर अखिल भारतीय आधार पर कुल व्यय 150 करोड़ रुपये का था परन्तु केरल में तब कुछ भी खर्च नहीं किया गया। दूसरी योजना में 770 करोड़ रुपये के कुल व्यय में से केरल में केवल 79 लाख रुपये की राशि का विनियोजन किया गया था।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर (जालोर) : राजस्थान में इस से भी कम विनियोजन हुआ है।

श्री प० गो० मेनन : मैं ऐसे उन सभी राज्यों के बारे में कह रहा हूं जहां कम विनियोजन किया गया है। योजना द्वारा क्षेत्रीय असमानताओं को कम नहीं किया जा रहा है। इसके विपरीत इन में वृद्धि होती जा रही है। केरल में बिजली के उत्पादन के संसाधन हैं फिर भी इसके अभाव के कारण वहां पर बहुत से उद्योग बन्द पड़े हुए हैं। केरल को मद्रास से बिजली लेनी पड़ती है।

श्री वासुदेवन दायर : इसके लिये कौन जिम्मेदार है ।

प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा उत्पादन मंत्री (श्री अ० म० थामस) : साम्यवादी दल ।

श्री प० गो० मेनन : अब तो केरल केन्द्रीय सरकार के अधीन है । क्या केन्द्रीय सरकार इस मामले पर विचार केरेगी और स्थिति को सुधारेगी, केन्द्रीय सरकार तथा योजना आयोग को केरल की कठिनाइयों को समझना चाहिये । वहां पर जनसंख्या बहुत घनी है । इस समस्या पर भी विचार किया जाना चाहिये । केरल में योजनाओं के फलस्वरूप कोई विकास नहीं हुआ है । उसकी वही स्थिति है जो पहले थी ।

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी): मैं माननीय सदस्य को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिये हर प्रयत्न करेगी ।

श्री वारियर (त्रिचूर) : ऐसे आश्वासन तो पहले कई बार दिये गये है परन्तु उनका कोई परिणाम नहीं निकला है ।

उपाध्यक्ष महोदय : वैदेशिक-कार्य मंत्री वियतनाम में गैस के प्रयोग के बारे में 4 बजे वक्तव्य देंगे ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, सभा केरल के आय व्ययक पर एक ऐंसी घटना की पृष्ठभूमि में चर्चा कर रही है जिससे भारत में संसदीय संस्थाओं के भविष्य के लिये बुरे शुकन के लक्षण दिखाई देते हैं । सरकार चाहे कितना भी कहे कि विधान सभा को उचित रूप से गठित किया गया है, परन्तु मैं अब भी महसूस करता हूं कि यह मामला सन्देह से रहित नहीं है । जब तक सदस्य शपथ ग्रहण न कर लें तब तक लोक सभा भी उचित रूप से गठित नहीं होती है । अतः मैं कह सकता हूं कि केरल विधान मंडल का गठन उचित रूप से नहीं हुआ । केरल विधान मंडल की स्थिति के बारे में विस्तार रूप से विचार करना चाहिये । मैं और मेरा दल सरकार को पिछले कई वर्षों से चीनियों तथा भारत में उनके साथियों के इरादों के विरुद्ध चेतावनी देता रहा है । उन दलों अथवा ग्रुपों से भारत प्रतिरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत दया नहीं करनी चाहिये, जिनका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से चीनी शत्रुओं के साथ सम्बन्ध है ।

श्री नि० चं० चटर्जी (वर्दमान) : वह एक आक्रांता है ।

श्री हरि विष्णु कामत : जब तक भारत प्रतिरक्षा अधिनियम लागू, रहेगा यह एक शत्रु देश है ।

केरल की स्थिति के बारे में वहां के राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर कुछ दिन पूर्व गृह-मंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य से पता चलता है कि उस में केरल की स्थिति के बारे में सभा तथा लोगों को गुमराह करने का भरसक प्रयत्न किया गया है । यह कहा गया कि राज्यपाल ने सरकार बनाने के लिये सभी प्रयत्न किये और इन प्रयत्नों के फलस्वरूप इस परिणाम पर पहुंचे कि केरल में एक टिकाऊ सरकार बनाना असम्भव है । परन्तु वे इस

परिणाम पर इस भ्रांति की दृष्टि से पहुंचे हैं कि किसी दल अथवा ग्रुप द्वारा सरकार बनाने के लिये 67 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि विधान सभा के कुल 134 अथवा 133 सदस्य हैं। यह सरासर एक धोखा है क्योंकि गृह-मन्त्री ने सदन में यह घोषणा की है कि वामपक्षी साम्यवादियों के विरुद्ध 29 सदस्यों को मुक्त नहीं किया जायेगा । इन 29 सदस्यों को निकालने के पश्चात् केरल विधान सभा के सदस्यों की संख्या केवल 104 अथवा 105 रह जाती है क्योंकि वे 29 सदस्य जो जेल में हैं वे सभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे । कांग्रेस दल ने ही हमारे द्वार पर युद्ध ला खड़ा किया है और भारत में पीकिंग के समर्थकों को प्रोत्साहन दिया है । केरल विधान सभा में 103 सदस्यों के सदन में कोई भी ऐसा दल एक अथवा दलों का एक समूह सरकार बना सकता है जिसको 52 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है क्योंकि उन में से एक अध्यक्ष का पद ग्रहण करेगा । विभिन्न दलों की स्थिति इस प्रकार है । केरल कांग्रेस 25, मुस्लिम लीग 5+6 = 11; संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी 13, स्वतंत्र 4 और भारतीय साम्यवादी दल 31 यदि इन सब को मिलाया जाये तो कुल संख्या 55 अथवा 56 बनती है । यह कहा जा सकता है कि इन दलों में से कोई एक दल इस प्रकार की सरकार बनाने का समर्थन नहीं करेगा । मैं चाहता हूं कि केरल के सभी देश भक्त तथा लोकतंत्रीय दल सरकार बनायें । यदि संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी अथवा केरल कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने सरकार बनाई होती और राज्यपाल ने सभा बुलाई होती तो अवश्य कोई सरकार बन जाती, जिसको आवश्यक समर्थन प्राप्त हो जाता क्योंकि जब सभा को बुलाया जाता है, और विधित सदस्य आपस में बातचीत करते हैं तो नये विचार और नये सम्बन्ध पैदा हो जाते हैं । मुझे विश्वास है कि यदि सभा को बुलाया जाता है और उसका गठन किया जाता तो केरल में एक टिकाऊ सरकार बनाने के लिये एक दल अथवा दलों के समूह को 52 सदस्यों का समर्थन प्राप्त हो जाता । क्या मैं गृह मंत्री से पूछ सकता हूं कि इस कांग्रेस दल ने कुछ वर्ष पूर्व एक ऐसे व्यक्ति को मुख्य मंत्री बनाया था जिसे चुनाव में बहुत बुरी तरह हार हुई थी। अब वही कांग्रेस दल जिस ने ऐसे बुरे पूव दृष्टांत बनाये हैं, जो हमेशा राष्ट्रीय हित की तुलना में अपने हित को अधिक मान्यता देता रहा है, प्रतिपक्षी दल से विकल्प पूछता है । मैंने विकल्प बता दिया है । क्या आप इसके औचित्य को चुनौती दे सकते हैं। कांग्रेस ने अपना कर्तव्य नहीं निभाया है । उनको संविधान तथा लोक तंत्र में कोई निष्ठा नहीं है, । जो कुछ कांग्रेस ने इस मौके पर किया है, यह इसे शोभा नहीं देता । केरल विधान सभा को एक बार मिलने तथा सरकार बनाने का अवसर न दे कर सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटा है । प्रजा-तंत्र की हत्या की है ।

अतः केरल सम्बन्धी आयव्ययक पर चर्चा करते हुए मैं निवेदन करता हूं कि केरल की आर्थिक प्रगति की ओर सभा को पूरा ध्यान देना चाहिये। नयी उद्घोषणा के जारी हो जाने से केरल के आयव्ययक पर सभा को पूरी तरह विचार करना चाहिये और उसकी आर्थिक आवश्यकताओं पर पूर्ण रूप से विचार करना चाहिये। मैं एक और बात यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि दो दिन पूर्व यह जो उद्घोषणा जारी की गई है संविधान

[श्री हरि विष्णु कामत]

के विरुद्ध है । मध्य प्रदेश तथा राजस्थान में पिछले आम चुनावों में कांग्रेस को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था तत्पश्चात् जब विधान सभा की बैठक हुई तो कांग्रेस ने कुछ चालें चल के 3 अथवा 4 सदस्यों को अपनी ओर कर के मामूली बहुमत प्राप्त कर लिया था । केरल के लोगों को ऐसा ही अवसर नहीं दिया गया । इस से संविधान का घोर उल्लंघन हुआ है, और सरकार अपने आप बदनाम हो कर रह गई है ।

Shri Hukam Chand Kachhvaaiya (Dewas) : Mr. Deputy Speaker, on a point of order, Sir, there is no quorum in the House.

उपाध्यक्ष महोदय: घंटी बजाई जा रही है । अब गणपूर्ति हो गई है--श्री खाडिलकर ।

श्री खाडिकलकर: (खेड) : उपाध्यक्ष महोदय, हमें ऐसे महत्वपूर्ण संविधान सम्बन्धी मामलों के बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं प अपनाना चाहिये। सभा को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि संविधान के उपबन्धों का जानबूझकर किसी समय भी उलंघन न हो । यदि संविधान में कोई त्रुटि है तो उसे दूर किया जाना चाहिये। हमें खेद है कि राष्ट्रपति का शासन लागू कर के लोगों द्वारा किये गये निर्णय को बदल दिया गया है । मैं व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट नहीं हूं कि लोकतंत्रीय सरकार बनानेकी सभी संवैधानिक सम्भावनाओं पर विचार किया गया था। संविधान के मूलभूत सिद्धान्तों का उल्लंघन किया गया है । जिस लोकतंत्र को स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सुदृद बनाया है, उसे सुरक्षित रखा जाना चाहिये। मेरे विचार में शास्त्री जी भी इस निर्णच से अप्रसन्न ही होंगे । हम ने यह संविधान 17 वर्ष पूर्व बनाया था । हमें अब विचार करना होगा कि क्या बदली हुई स्थिति में यह संविधान ठीक कार्य कर सकता है । इस से सभी दलों में फूट पड़ गई है और राज्यों में भी कांग्रेस में फूट पड़ने की अफवाहें और समाचार मिले हैं। अतः हमें पैदा हुई इस स्थिति पर पूरी तरह विचार करना चाहिये। हमें यह देखना चाहिये कि क्या वर्तमान संवैधानिक प्रणाली बदले हुए वातावरण में में चल सकती है अथवा हमें कोई नई प्रणाली बनानी चाहिये।

श्री गोविन्द मेनन द्वारा कही गयी बातों से मैं सहमत हूं। उन्होंने अनुच्छेद 356 के बारे में बताया । मेरा ऐसा विचार है कि अनुच्छेद 356 में ऐसी कोई बात नहीं है कि अल्पसंख्यक वर्ग के किसी सदस्य को सरकार बनाने के लिए न बुलाया जाये। मैं तो यह समझता हूं कि जो साम्यवादी गिरफ्तार कर लिए गए हैं उन को रिहा कर उन्हें केरल में सरकार बनाने का अवसर देना चाहिए था । लोकतंत्र में हमें एक दूसरे की बातों को सहन करना पड़ता है । यदि एसा करना संभव नहीं था तो दो तीन दलोंको आपस में मिलकर सरकार बनाने को ओर ध्यान दिया जाना चाहिए था। और यदि वहां पर सरकार बनाने में किसी भी प्रकार सफलता नहीं मिलती तब जाकर राष्ट्रपति का शासन लागू करने की ज़रूरत थी । उस से पहसू नहीं । मैं तो समझता हूं कि इस प्रकार हम ने अपने संविधान की प्रतिष्ठा समाप्त कर दी है ।

यदि आप आज जाकर केरल की हालत देखें तो आप को मालूम होगा कि वहां पर अपने यहां के नेताओं की कितनी इज्जत है । यदि श्री थामस अथवा श्री रवीन्द्र वर्मा केरल में जा कर श्री अ० क० गोपालन अथवा श्री नम्बूद्रिपाद को "देशद्रोही" कहें तो उनको मालूम हो जायेगा कि, वहां की जनता इसका उत्तर उन्हें किस रूप में देगी । आपको कुछ कहने के बजाय अपने काम ऐसे करने चाहियें जिस से वहां की जनता उनको भूल जाये और आप को सर्वेसर्वा समझने लग । हमें एसे काम करने चाहियें जिस से कांग्रेस दल की सर्वोपरि स्थिति हो जाये और जनता केवल उसी दल को देश में सब से अच्छा दल समझने लगे । हमें इसके अतिरिक्त और कोई दमन आदि का तरीका नहीं अपनाना चाहिए ।

श्री त्रिदिव कुमार चौधरी (बरहामपुर): इन मांगों के बारे में एक महत्वपूर्ण प्रश्न आज हमारे सामने है कि राष्ट्रपति ने गृह-कार्य मंत्रालय की सलाह पर केरल में जो कार्यवाही की गयी है क्या वह संविधान के अनूकूल है ।

केरल के राज्यपाल ने अपने प्रतिवेदन में राष्ट्रपति को लिखा है कि केरल में चनाव होने पर एक भी दल को इतना बहुमत प्राप्त नहीं हुआ है कि वह वहां पर सरकार बना सके । इसलिए मेरा निवेदन है कि संविधान के अनुच्छेद 356 को वहां पर लागू किया जाये । मेरा अपना विचार है कि राज्यपाल को ऐसी जिम्मेदारी नहीं होती कि ऐसी सिफारिश करे । उसको, मैं समझता हूं, तथा श्री आइवर जैनिंग्स की पुस्तक में भी लिखा है , तीन बातें करनी चाहियें । पहले तो कोशिश करनी चाहिए कि मिली जुली सरकार बन जाये । दूसरे अल्पसंख्यक दल की सरकार बनाने की अनुमति देनी चाहिए जिस से वह संभव होने पर विधान सभा मांग करने की अनुमति दे सके । तीसरे अल्पसंख्यक दल को ही सरकार जब तक चले चलाने देना चाहिये । राज्यपाल के प्रतिवेदन से मालूम हो जाता है कि केरल कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग मिल कर सरकार बनाने के लिये तैयार थे । मैं यही जानना चाहता हूं कि राज्यपाल को ऐसा मालूम होने पर उन्होंने वहां पर सरकार क्यों नहीं बनने दी । मैं यही समझता हूं कि इस प्रकार संविधान की धाराओं का उल्लंघन हुआ है ।

अध्यक्ष महोदय ने यह सुझाव दिया है कि जो लोग इस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं वह उच्चतम न्यायालय में जाकर अपनी बात कह सकते हैं । संभवतया कुछ लोग ऐसा करें । परन्तु यह स्पष्टतया साफ है कि संविधान का उल्लंघन हुआ है ?

अन्त मैं मेरा यही कहना है कि सत्रह वर्ष के बाद भी केरल राज्य में स्थिरता नहीं आई है और वह राज्य अभी भी एक समस्या बना हुआ है । सत्तारूढ़ दल को इस संबंध में कुछ अवश्य करना चाहिए ।

श्री वासुदेवन नायर (अम्बलपुजा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने सभी माननीय सदस्यों के भाषणों को बड़े ध्यान सुना है । मुझ श्री गोविन्द मेनन का भाषण सुनकर

[श्री वासुदेवन नायर]

बड़ी ही प्रसन्नता हुई । उन्होंने 1953 में अल्पसंख्यक कांग्रस की सरकार त्रावनकोर-कोचीन में बनाये जाने के बारे में जैनिंग्स में से जो उदाहरण दिए थे वहीं अब दोबारा पेश कर दिए हैं। परन्तु बिल्कुल विपरीत परिस्थितियों में । इसलिए इस समय मेरा विचार है कि केन्द्रीय सरकार ने केरल में जो कुछ किया है वह उचित नहीं किया है । मेरी इस बात का समर्थन मेरे बहुत से साथियों ने सभा में किया है ।

कांग्रेस तथा केन्द्रीय सरकार का विचार है कि इस समय यह है कि वह केरल की जनता को डरा सकते हैं तथा भयभीत कर सकते हैं। उन्होंने वामपंथी साम्यवादियों को इसीलिए पकड़ कर बन्द कर दिया था । परन्तु हुआ क्या ? वहां की जनता ने उन्हीं लोगों को चुना जिनको बन्दी बना लिया गया था । गृह-मंत्री ने स्वयं वहां का दौरा किया और संवाददाता सम्मेलन में कहा कि "मैंने जनता को एक अवसर दिया है कि आप इन लोगों को अस्वीकार कर दें परन्तु यदि फिर भी आपने इन्हें चुन लिया तो हम अपना काम करेंगे ही । इस प्रकार उन्होंने अपने मनोभाव पहले ही बता दिए थे। इस से सारी बात साफ हो गई थी । परन्तु फिर भी जो पार्टी वहां पर जीत कर आई उस को अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए था। हमारे गृह-मंत्री जी ने बड़ी जल्दी में कार्यवाही की । उन्होंने जल्दी क्यों की । इस के मेरे सामने दो कारण हो सकते हैं । एक तो यह कि वह इस स्थिति से कि विधायक बच रहे, शीघ्र छुटकारा पाना चाहते थे । क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं उन को छुड़ाने के लिए कोई आन्दोलन न शुरू हो जाये। दूसरे उन्हें यह भी डर था कि विधान सभा बनने के बाद कहीं कांग्रेस दल के कुछ सदस्य कांग्रस को छोड़ कर अन्य दल में न मिल जायें क्योंकि कांग्रस हाई कमान को कांसग्रे के सदस्यों के पत्र मिल चुके थे कि सरकार बनाने के लिए वह विद्रोही कांग्रेसियों से मिलने में बुराई नहीं समझते हैं ।

गृह-मंत्रालय ने अपना मुंह छिपाने की इस प्रकार भी कोशिश की कि यह बताया कि साम्यवादी दल को इन चुनावों में उतने प्रतिशत मत नहीं मिल पाये जितने प्रतिशत पहले मिले थे अर्थात् कांग्रेस को जो मत अब मिले हैं उनकी प्रतिशतता पहले की तुलना में अधिक है । इस प्रकार यदि देखा जाये तो स्पष्टतः मालूम हो जाता है कि केन्द्रीय सरकार ने जो भी क़दम केरल में उठाये, उनका उद्देश्य आरंभ से अन्त तक यह था कि कांग्रेस की वाहवाही हो ।

मुझे इस बात का बड़ा आश्चर्य है कि या पार्टी, यह सरकार जो कि दिन प्रतिदिन लोक-तंत्र का ढ़िढोरा पीटती है, स्वयं लोकतंत्र की जड़ें खोद रही है । यदि सत्ता-रूढ़ दल ऐसा काम करता रहा तो निश्चय रूप से क्रांति को बुलावा देना है । मैं तो समझता हूं कि कहीं एक दिन एसा न आ जाये कि केरल में क्रांति हो जाये और इस के लिये दोष स्वयं सरकार का ही होगा । मैं सरकार को यही चेतावनी देना चाहता हूं ।

डा० मा० श्री अणे (नागपुर): श्रीमान मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं कि संविधान के अधीन एक के राष्ट्रपति तथा राज्य के गवर्नर नियुक्त करने का उपबन्ध है । परन्तु एक ऐसी प्रथा भी बनाई गई है कि राष्ट्रपति अथवा गवर्नर तब तक कोई काम नहीं कर सकता जब तक उसको प्रधान मंत्री अथवा मुख्य मंत्री सलाह न दें । इस प्रकार वह स्वयं कोई काम नहीं कर सकता है । संविधान के इसी उपबन्ध के अधीन इस प्रकार गवर्नर को कोई भी क़दम नहीं उठाना चाहिये था जब तक मख्य मंत्री, उसको यह सलाह न दे दे कि वह राज्य का शासन चलाने के योग्य नहीं है । मैं समझता हूं कि इस दृष्टि से संविधान का उल्लंघन हुआ है ।

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : उपाध्यक्ष महोदय, जो पत्र मैंने सभा के सामने रखे हैं उसके पैराग्राफ 9 में मैंने बताया था कि मैं केरल सरकार का अस्थाई बजट पेश कर रहा हूं । सरकार को आशा थी कि समय आने पर बजट बनाया जायेगा तथा वहां की सभा में पेश किया जायेगा । तब तक के लिये हम ने शासन चलाने के लिए यह मांग की थी । दुर्भाग्यवश घटनायें कुछ दूसरे ढंग से घटीं और जैसा हम चाहते थे वैसा नहीं हुआ ।

बहुत से माननीय सदस्यों ने इन मांगों पर कटौती प्रस्ताव भेजे हैं परन्तु सभा में किसी भी सदस्य ने उन के बारे में कोई चर्चा नहीं की । केवल एक आरोप सा लगाया गया है कि केरल की उपेक्षा हुई है । राष्ट्रपति की उद्घोषणा का बार बार उल्लेख किया गया है । इस समय यदि कटौती प्रस्ताव पेश किए गए होते तो मैं उनका उत्तर देता परन्तु राष्ट्रपति की उद्घोषणा के बारे में मेरा इस समय कुछ कहना बेकार सा है । इस उद्घोषणा को संकल्प के रूप में सभा में पेश किया जायेगा । हम तब इस संबंध में चर्चा कर सकते हैं । सरकार भी सभा में कही गयी बातों का उस समय उत्तर दे सकती है ।

मैं इस समय तो सभा से यही अनुरोध करूंगा कि वह इन मांगों को पारित कर दे ।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कटौती प्रस्ताव संख्या 22 मतदान के लिये रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ ।

Cut motion no. 22 was put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा शेष सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए ।

All the other cut motions were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 1965–66 के लिये केरल के सम्बन्ध में लेखानुदानों की मांगें मतदान के लिए रखी गयी तथा स्वीकृत हुई :—

The following Demands for grants on Account (Kerala) for the year 1965-66 were put and adopted :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
1	कृषि संबंधी आयकर और बिक्रीकर .	7,44,000
2	भू-राजस्व	22,20,000
3	उत्पादन शुल्क	4,84,000
4	गाड़ियों पर कर	1,65,000
5	स्टाम्प	2,24,000
6	रजिस्ट्री फीस .	6,57,000
7	राज्य विधान मंडल	1,53,000
8	निर्वाचन . . .	1,56,000
9	राज्यों के प्रमुख मंत्री और मुख्यालय के कर्मचारी	13,03,000
10	जिला प्रशासन और विविध	16,65,000
11	न्याय-प्रशासन	17,49,000
12	जेल	9,16,000
13	पुलिस .	81,44,000
14	राज्य बीमा और विविध	3,45,000
15	वैज्ञानिक विभाग .	1,69,000
16	विश्वविद्यालय शिक्षा	33,54,000
17	सामान्य शिक्षा	4,13,85,000
18	तकनीकी शिक्षा . .	21,20,000
19	चिकित्सा .	98,00,000
20	लोक-स्वास्थ्य . . .	39,74,000
21	लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी	17,54,000
22	कृषि	46,37,000
23	मीन-क्षेत्र .	24,12,000
24	ग्राम विकास	9,20,000
25	पशु पालन	18,91,000

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
26	सहकारिता	12,53,000
27	उद्योग	16,40,000
28	सामुदायिक विकास प्रायोजनायें, राष्ट्रीय विस्तार सेवा और स्थानीय विकास-कार्य	49,10,000
29	श्रम और नियोजन	14,72,000
30	हरिजन कल्याण	29,06,000
31	अंक संकलन और विविध	8,42,000
32	सिंचाई .	49,66,000
33	लोक-निर्माण-कार्य	1,56,53,000
34	बन्दरगाह	1,25,000
35	परिवहन योजनाए	98,34,000
36	दुर्भिक्ष	3,37,000
37	पेंशन . .	49,73,000
38	लेखन-सामग्री और छपाई	13,43,000
39	धन	23,51,000
40	विविध . .	9,83,000
41	विविध क्षतिपूर्तियां और समर्पण (असाइनमेंट)	2,74,000
42	राष्ट्रीय संकटकाल	8,000
43	लोक स्वास्थ्य पर पूंजी परिव्यय	18,65,000
44	कृषि सुधार पर पूंजी परिव्यय . .	1,17,000
45	औद्योगिक और आर्थिक विकास पर पूंजी परिव्यय	57,11,000
46	सिंचाई पर पूंजी परिव्यय .	55,45,000
47	लोक निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय	96,16,000
48	अन्य निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय	6,65,000
49	बन्दरगाहों पर पूंजी परिव्यय	13,35,000
50	परिवहन योजनाओं पर पूंजी परिव्यय	75,000
51	वनों पर पूंजी परिव्यय .	6,93,000
52	पेंशनों का राशिकृत मूल्य . .	42,000
53	सरकारी व्यापार की योजनाओं पर पूंजी परिव्यय	13,85,35,000
55	सरकार द्वारा दिये जाने वाले ऋण और अग्रिम . .	2,98,58,000

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 1964–65 के लिये केरल के सम्बन्ध में अनुदानों की अनुपूरक मांगे मतदान के लिए रखी गई तथा स्वीकृत हुई :

The following supplementary Demands for Grants in respect of Kerala for the year 1964-65 were put and adopted :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
1	कृषि संबंधी आय कर और बिक्री कर	1,67,500
4	गाड़ियों पर कर	44,000
5	स्टाम्प	5,100
6	रजिस्ट्री फीस	11,400
9	राज्याधिपति, मंत्री और मुख्यालय के कर्मचारी	1,77,000
10	जिला प्रशासन और विविध	3,11,600
12	जेलें	4,72,000
13	पुलिस	10,00,000
14	राज्य बीमा और विविध	48,700
16	विश्व विद्यालय शिक्षा	3,20,000
17	सामान्य शिक्षा	1,41,88,000
21	लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी	100
22	कृषि	400
23	मीन क्षेत्र	17,11,900
25	पशु पालन	27,000
28	सामुदायिक विकास प्रायोजनायें, राष्ट्रीय विस्तार सेवा और स्थानीय विकास कार्य	100
30	हरिजन कल्याण	3,00,000
31	अंक संकलन और विविध	100
32	सिंचाई	18,28,500
33	लोक-निर्माण-कार्य	100
34	बन्दरगाह	86,300
35	परिवहन योजनायें	43,67,800
37	पेंशन	40,07,800
40	विविध	2,00,000

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
43	लोक स्वास्थ्य पर पूंजी परिव्यय . .	100
47	लोक निर्माण कार्यों पर पुंजी परिव्यय .	300
50	परिवहन योजनाओं पर पूंजी परिव्यय . . .	2,500
51	वनों पर पूंजी परिव्यय	7,93,200
52	पेंशनों का राशिकृत मूल्य	1,00,000
53	सरकारी व्यापार की योजनाओं पर पूंजी परिव्यय . .	19,25,73,800

केरल विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 1965

KERALA APPRORIATION (NOTE ON ACCOUNTS) BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1965–66 के कुछ भाग की सेवाओं के लिए केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ राशियों के निकाले जाने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है

"कि वित्तीय वर्ष 1965–66 के कुछ भाग की सेवाओं के लिए केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ राशियों के निकाले जाने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

श्री ति०त० कृष्णमाचारी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

केरल विनियोग विधेयक, 1965

KERALA APPROPRIATION BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति०त० कृष्णमाचारी): मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1964–65 की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय: : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1964–65 की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को

पुर:स्थापित करने को अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted

श्री ति० त० कृष्णमाचारी: मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

केरल विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 1965

KERALA APPROPRIATION (VOTE ON ACCOUNT) BILL, 1965

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1965–66 के कुछ भाग की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ राशियों के निकाले जाने की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1965–66 के कुछ भाग की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ राशियों के निकाले जाने की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

उपाध्यक्ष महोदय : अब खण्डवार चर्चा होगी । प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, 2, 3 तथा अनुसूची विधेयक का अंग बने" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

खण्ड 1, 2, 3 तथा अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 1, 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.

अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

The Enacting Formula and the Titel were added to the Bill.

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

केरल विनियोग विधेयक, 1965

KERALA APPROPRIATION BILL

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1964-65 की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1964–65 की सेवाओं के लिये केरल राज्य की संचित निधि में से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

अध्यक्ष महोदय : अब खण्डवार चर्चा होगी प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, 2, 3 तथा अनुसूची विधेयक का अंग बने"।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

खंड 1, 2, 3 तथा अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 1, 2, 3, and the Schedule was added to the Bill

अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये

The Enacting Formula and the Title was added to the Bill

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये । "

उपाध्यक्ष महोदय: प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये "।

प्रतस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

उद्योग (विकास तथा विनियमन) संशोधन विधेयक

INDUSTRIES (DEVELOPMENT AND REGULATIONS) AMENDMENT BILL

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में भारी इंजीनियरिंग तथा उद्योग मंत्री (श्री त्रि० ना० सिंह) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1951 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पारित किये गये रूप में, विचार किया जाय ।"

[श्री त्रि० ना० सिंह]

इसकी आवश्यकता इस लिए हुई है क्योंकि कुछ उद्योगों को इस अधिनियम के अन्तर्गत सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है और उनके नियन्त्रण तथा विस्तार की अवधि समाप्त हो जायेगी। और उसकी अवधि बढ़ाने के लिये यह संशोधन किया जाना बड़ा जरूरी है। अत: मेरा निवेदन यह है कि विधेयक पारित किया जाय।

(श्री सोनावाने पीठासीन हुए
Shri Sonavane in the Chair)

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

Shri Bade (Khargone) : I feel that section 18A of the original Bill is quite sufficient and there is no need of having such an amendment as has been brought before the house at the present moment. It has also been observed in so many cases that the Government donot take action, when it is very necessary in the public interest to take action in order to regulate the production of a particular industry. It is very strange that actions of the Government are always guided by the party interests. Whenever the Government take our any factory it is not possible for them to run it efficiently. The private has been put under the charge of a man, who is responsible totally for the mismanagement. Therefore I am of the opinion that Government should interfere whenever the public interest demanded.

Government should also see that no factory suffers due to the lack of foreign exchange. The Government should ensure this factor in the interest of production. We should not ignore this fact that many factories were compelled to close down due to non-availability of foreign exchange and raw material. I am happy that the present Minister Mr. Singh is paying attention to this aspect and hope that the situation will improve. Persons on the other hand run such factories very efficiently with economy and profit.

This is a very important matter that the representatives of labour should be included in the management boards of the factories, which has been taken over by the Government. Together with that, I may also urge that the persons who have the requisite experience and are experts should be taken on such board. One is shocked to find that the Government have done just the reverse. The case of Ujjain mill is before us, the Government did not take any action, though, there is a great disorder in the Mill.

श्री त्रि० न० सिंह : दूसरे पक्ष के माननीय सदस्यों ने जो कुछ कहा है वह मैंने बड़े ध्यान से सुना है। हमने किसी भी सार्थ अथवा समवाद पर बिना कारण हाथ नहीं डाला। 29 सार्थ हम ले चुके हैं। 7 अच्छा काम कर रहा है और ये विचाराधीन है। लोगों को हालात का पता है जिनमें कि किसी सार्थ पर कब्जा किया जाता है। अत: हम उन पर काफी समय तक नियंत्रण रखना चाहते हैं मैसर्ज जैसप एण्ड कम्पनी इसी तरह का ही एक समवाय है। और भी बहुत है परन्तु मेरे पास इस समय सारी सूची नहीं है। हमने अवधि बढ़ा दी है अत: मैं सिफारिश करता हूं कि विधेयक को पारित कर दिया जाय।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 में अग्रेतर संशोधन करने वले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पारित किये गये रूप में, विचार किया जाय ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 2 was added to the Bill.

सभापति महोदयः : प्रश्न यह है :

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 1 was added to the Bill

विधेयक का नाम और अधिनियम सूत्र विधेयक में जोड़ दिया गया ।

The Title and the Enacting formula were added to the Bill

श्री त्रि० ना० सिंह : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाय ।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाय ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

गैर सरकारी विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS BILLS AND RESOLUTIONS

साठवां प्रतिवेदन

श्री हेम राज (कांगड़ा) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा गैर सरकारी सदस्यों के विधेयक को तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के साठवें प्रतिवेदन से, जो 24 मार्च, 1965 को सभा में प्रस्तुत की गयी थी, सहमत है ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

बंगलौर अथवा हैदराबाद में संसद्-अधिवेशन के बारे में संकल्प

RESOLUTION RE : SESSION OF PARLIAMENT AT BANGALORE OR HYDERABAD

Shri Parkash Vir Shastri (Bijnor) : I presented this resoulation before the house on the 12th March. I am of the opinion that our Parliament Session should be held either in Bangalore or in Hydrabad in the south India. Strange arguments have been advanced against this.

